Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

विजयादशमी की शुभकामनाएं

विजयादशमी की शुभकामनाएं

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 271 | गुरूवार , 02 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 'महिलाओं की पेंशन सुरक्षा को और मजबूत करें'

# वित्त मंत्री बोलीं-एनपीएस एक आंदोलन में बदलना चाहिए



**नई दिल्ली।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेंशन योजना को जन आंदोलन बनाये जाने का आह्वान करते हुए बुधवार को वित्तीय सेवा विभाग और पीएफआरडीए से सामाजिक सुरक्षा कवरेज को मजबूत बनाने के लिए पेंशन सखी योजना शुरू कर इस अभियान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का सुझाव दिया।

उन्होंने दिल्ली में राष्ट्रीय पेंशन योजना दिवस के अवसर पर कहा कि कार्यस्थल पर स्वतः नामांकन, मातृत्व और देखभाल अवकाश के दौरान अंशदान की निरंतरता और सूक्ष्म आटो-डेबिट के माध्यम से

- पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को एक सच्चे जन आंदोलन में बदलना चाहिए।
- राष्ट्र का विकास सामाजिक सुरक्षा ढांचे की मजबूती पर निर्भर करता है।

महिलाओं की पेंशन सुरक्षा को और मजबूत करने की आवश्यकता है, जिससे छोटी, नियमित बचतें समाप्त होने से बच सकेंगी। उन्होंने स्कूलों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, कालेजों और सामुदायिक केंद्रों में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया, ताकि परिवार 20 की उम्र से लेकर 30 की उम्र से पहले ही अपना योगदान देना शुरू कर दें। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को एक सच्चे जन आंदोलन में बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि लागत कम रखने और सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए, साथ ही समयबद्ध, डिजिटल बाय डिफाल्ट शिकायत निवारण, स्पष्ट प्रकटीकरण और पोर्टेबिलिटी पर भी ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए जो सभी उत्पादों और प्लेटफार्म पर निर्बाध रूप से काम करे। किसी भी राष्ट्र का विकास सामाजिक सुरक्षा ढांचे की मजबूती पर निर्भर करता है।

## 12वीं तक के छात्रों के लिए योगी सरकार की विशेष योजना, मिल रहा 10 हजार रुपये का प्रोत्साहन



**लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश के बच्चों ने अपने आइडियाज से देशभर में गूंज मचा दी है। इंस्पायर मानक योजना में प्रदेश के छात्रों ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जिससे बाकी राज्य पीछे छूट गए।

महज चार महीनों में दो लाख 80 हजार से ज्यादा नामांकन के साथ प्रदेश ने न सिर्फ पहला स्थान पाया, बल्कि सबसे बड़ा इतिहास भी रचा। लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष पर रहे उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि न केवल छात्रों की रचनात्मक सोच और नवाचार की क्षमता को दर्शाती है, बल्कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था और विज्ञान-प्रौद्योगिकी के प्रति बढ़ती रुचि का भी प्रमाण है। इस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जून से 30 सितंबर तक आमंत्रित किए गए थे। संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं राज्य सह-नोडल अधिकारी विवेक नौटियाल ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार नामांकन में 70,400 की बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश से 2,10,347 छात्रों ने हिस्सा लिया था, जबकि इस बार यह संख्या बढ़कर 2,80,747 हो गई।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्षों की यात्रा के प्रमुख पड़ाव



**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 पूरे हो रहे हैं। विजयदशमी के दिन संघ 100 वर्षों की यात्रा पूरी कर 101वें वर्ष में प्रवेश कर जाएगा। आइए जानते हैं 1925 से 2025 तक की संघ की यात्रा।

1925: डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने 27 सितंबर को की स्थापना की घोषणा।1926: 17 अप्रैल को संगठन को अपना नाम 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' मिला।1926: 28 मई को नागपुर के मोहितेवाड़ा मैदान में पहली नित्य शाखा शुरू हुई।1927: मई में ओटीसी नाम से पहला विशेष प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। 1928: मार्च में पहला दीक्षा समारोह 'प्रतिज्ञा' आयोजित किया गया।1929: नवंबर में डा. हेडगेवार को सरसंघचालक नियुक्त किया गया।1930: कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज की घोषणा की। हेडगेवार ने सभी शाखाओं को 26 जनवरी को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाने का निर्देश दिया। हेडगेवार ने कई स्वयंसेवकों के साथ जंगल सत्याग्रह में भाग लिया और गिरफ्तार हुए। खाकी टोपी की जगह 'गणवेश' के हिस्से के रूप में काली टोपी को शामिल किया गया। 1940: ब्रिटिश सरकार ने संघ की 'गणवेश' और रूट मार्च पर प्रतिबंध लगाया। 21 जून को हेडगेवार का निधन।

माधव सदाशिव गोलवलकर दूसरे सरसंघचालक बने।1947: केन्या में संघ की स्थापना। 'आर्गनाइजर' और 'पांचजन्य' पत्रिकाएं प्रकाशित की गईं।

## देश का सबसे ऊंचा रावण का पुतला कोटा की बारिश पर पड़ा भारी, रिमोट से होगा इसका दहन

**नई दिल्ली।**

देशभर में बारिश ने दशहरा की तैयारियों और रावण दहन को काफी प्रभावित किया। कई जगहों पर बारिश से रावण के पुतले भीगकर गिर गए और रंग फीके पड़ गए। लेकिन, राजस्थान के कोटा में बना 221.5 फीट ऊंचा रावण मजबूती से खड़ा रहा और सभी का ध्यान खींच लिया।

कोटा का यह रावण देश के सबसे ऊंचे पुतले में गिना जाएगा। इसकी खासियत यह है कि तेज बारिश और हवाओं के बावजूद इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ। रावण का चेहरा 25 फीट ऊंचा है और वजन करीब 3 क्विंटल है। इसके जूते 40 फीट लंबे, मुकुत 60 फीट और तलवार 50 फीट की बनाई गई है। रावण बनाने वाली टीम के प्रमुख तेजिंदर सिंह ने बताया कि इस बार पुतला बनाते समय बारिश का ध्यान रखा गया। उन्होंने कहा, ₹हमने इस में कागज का बिल्कुल इस्तेमाल नहीं किया। पूरा ढांचा फाइबर से बना है, जिससे यह पुतला पूरी तरह बारिश-रोधी है। यहां तक कि बारिश ने इसे साफ कर और चमका दिया है।₹ कोटा में हर साल रावण दहन पर भीड़ जुटती है। यहां बनाए गए पुतलों की खासियत यह रहती है कि इनमें चलने वाला सिर या बोलने वाला मुंह भी जोड़ा जाता है। इस बार बारिश से जहां राजस्थान और देश के कई हिस्सों में पुतले टूटते-गिरते दिखे, वहीं कोटा का विशाल रावण मजबूती और नई तकनीक का उदाहरण बनकर खड़ा है।

### रिमोट से होगा रावण दहन

दशहरे पर गुरुवार को इस विशाल रावण का दहन किया जाएगा। इसे 25 अलग–अलग बिंदुओं से आग लगाई जाएगी, जहां सेंसर लगे होंगे। रिमोट कंट्रोल से एक–एक कर सभी सेंसर सक्रिय होंगे और आतिशबाजी के साथ पुतला जल उठेगा।



## पहला मेड इन इंडिया एच125 हेलिकॉप्टर 2027 में मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली।**



यूरोपीय विमान निमार्ता कंपनी एयरबस और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने बुधवार को कहा कि एच125 हेलिकॉप्टरों के लिए फाइनल असेंबली लाइन कर्नाटक में स्थापित होगी और पहले मेड इन इंडिया एच125 की डिलीवरी 2027 की शुरूआत में होने की उम्मीद है।

एच125 के लिए फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) दूसरा एयरबस विमान असेंबली प्लांट होगा, जिसे टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स भारत में बना रही है। यह निजी क्षेत्र की भारत की पहली हेलिकॉप्टर फाइनल असेंबली लाइन होगी। इससे पहले वडोदरा में सी295 सैन्य विमान निर्माण संयंत्र स्थापित किया गया है। यह हेलिकॉप्टर दक्षिण एशियाई क्षेत्र में निर्यात के लिए भी उपलब्ध होगा। इस भारतीय कारखाने से उच्च स्तर के स्वदेशी कलपुर्जों और तकनीकों के साथ एच125एम का एक सैन्य संस्करण भी तैयार करने की योजना है।

## विदेश से संचालित 25 क्रिप्टो एक्सचेंज को मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत नोटिस




**नई दिल्ली।**

डिजिटल रूप में क्रिप्टो व अन्य डिजिटल संपदा सेवा की खरीद-फरोख्त भारत में धड़ल्ले से की जा रही है। इसका संज्ञान लेते हुए वित्त मंत्रालय की फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट (एपआइयू) ने 25 विदेशी डिजिटल एसेट सर्विस प्रोवाइडर्स को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत नोटिस जारी किया है। अमेरिका, हांगकांग, कंबोडिया, सिंगापुर, ब्रिटेन, वर्जिन आइलैंड जैसे देशों ये इन डिजिटल कंपनियों का संचालन किया जा रहा है। ये कंपनियां भारत में कहीं भी पंजीकृत नहीं हैं।एफआइयू के अनुसार, भारत में सिर्फ 50 डिजिटल एसेट सर्विस प्रोवाइडर्स पंजीकृत हैं।

## 'नई तकनीकों को अपनाएं और हमेशा तैयार रहें'

# राजनाथ सिंह बोले सैनिकों के सामने आएंगे चुनौतियां

**भुज।**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सैनिकों से नई तकनीकों को अपनाने, प्रशिक्षण को प्राथमिकता देने और हमेशा तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश के सामने चुनौतियां अधिक जटिल और बहुआयामी हो गई हैं। विजयदशमी की पूर्व संध्या में भुज सैन्य स्टेशन पर अधिकारियों और सैनिकों को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा, आज दुनिया जिस गति से बदल रही है, आप सभी स्वयं इसे देख रहे हैं। अगर हम इस बदलाव में खासकर तकनीक को देखें, तो तकनीक का स्वरूप निरंतर विकसित हो रहा है। जो चीजें कुछ समय पहले तक आधुनिक तकनीक का हिस्सा हुआ करती थीं, वे अब पुरानी तकनीक का हिस्सा बन गई हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि पारंपरिक युद्ध के अलावा देश आतंकवाद, साइबर हमले, ड्रोन हमले और सूचना युद्ध जैसी अन्य चुनौतियों का भी सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि युद्ध केवल हथियारों से नहीं जीते जाते। युद्ध मनोबल, अनुशासन और निरंतर तैयारी से जीते जाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजनाथ का यह कच्छ का दूसरा दौरा है। दो दिवसीय इस दौरे में उन्होंने सैन्य स्टेशन पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। बाद में बड़ाखाना नामक रात्रिभोज में शिरकत की। गुरुवार को वह सैनिकों के साथ दशहरा मनाएंगे और शस्त्र पूजन करेंगे।

62 प्रतिशत ऊर्जा कम गुणवत्ता वाले कार्बोहाईड्रेट युक्त आहार से मिलती है, जिनमें सफेद चावल और प्रसंस्कृत साबुत अनाज शामिल हैं

# कम गुणवत्ता वाले कार्बोहाईड्रेट से ऊर्जा जरूरतें पूरी करते हैं भारतीय

**नई दिल्ली।**

भारत में लोगों के खानपान पर किए एक अध्ययन में अनुमान जताया गया है कि देश में लोगों को हर दिन आहार से मिलने वाली ऊर्जा में से 62 प्रतिशत ऊर्जा कम गुणवत्ता वाले कार्बोहाईड्रेट युक्त आहार से मिलती है, जिनमें सफेद चावल और प्रसंस्कृत साबुत अनाज शामिल हैं। इस तरह के खानपान से मधुमेह जैसी बीमारी होती है। अनुमान है कि विश्व के लगभग एक-चौथाई मधुमेह रोगी भारत में रहते हैं, जो अन्य देशों की तुलना में काफी अधिक है। ''मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन'' और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के शोधकताओं ने यह भी पाया कि भारत में प्रतिदिन आहार में संतृप्त वसा युक्त चीजों का ज्यादा, जबकि प्रोटीन युक्त चीजों का कम इस्तेमाल किया जा रहा है। इस अध्ययन में आइसीएमआर-इंडिया डायबिटीज (आइसीएमआर-इंडियाएबी) द्वारा एकत्रित आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। ये आंकड़े 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 20 वर्ष और उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों के नमूनों के विश्लेषण पर आधारित हैं। नेचर मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन से पता चलता है कि कार्बोहाईड्रेट का सेवन सबसे कम करने वाले व्यक्ति की तुलना में ज्यादा सेवन करने वालों को मधुमेह होने की संभावना 30 प्रतिशत, मोटापा होने की संभावना 22 प्रतिशत और पेट संबंधी मोटापे की संभावना 15 प्रतिशत अधिक हो सकती है।



## संपादक की कलम से

# पीओके में जय हिंद



ललित शर्मा
संपादक

पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आजकल नारे लगाए जा रहे हैं–जय हिंद, जय हिंद। वहां के लोग पाकिस्तान की हुकूमत और फौज से इतने आजिज आ चुके हैं कि वे अब भारत में विलय चाहते हैं। यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पीओके में रोजी–रोटी, आम जिंदगी, रोजगार, महंगाई और संसाधनों की लूट के मद्देनजर आंदोलन चलाए जाते रहे हैं। हुकूमत को ज्ञापन भी दिए गए हैं, लेकिन अब वहां की अवाम विद्रोह पर उतर आई है। ऐसे भी नारे लगाए जा रहे हैं–यह जो दहशतगर्दी है, उसके पीछे वर्दी है। विद्रोहियों ने फौज और पुलिस के वर्दीधारियों पर प्रतिघात भी किए हैं। बलूचिस्तान में फौज का अस्तित्व लंबे वक्त से बलूच लड़ाकों के रहम–ओ–कर्म पर है। हाल ही में क्वेटा में एक ताकतवर बम विस्फोट किया गया, जिसमें 10 मौतें हो गईं और कई घायल हुए। अब आसार पुख्ता होने लगे हैं कि पाकिस्तान का विभाजन अपरिहार्य है। पीओके और बलूच के अलावा खैबर और सिंध में भी आजादी के आंदोलन जारी हैं। पीओके के विद्रोही आजाद होने पर आमादा हैं। बलूच अपनी आजादी के लिए लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। वे अपने बेशकीमती खनिजों का सौदा, पाकिस्तानी हुकूमत के द्वारा, अमरीका या चीन के साथ, करने का धुर विरोध कर रहे हैं। बलूच इन प्राकृतिक संसाधनों को अपनी स्वाभाविक, अमूल्य संपदा मानते रहे हैं, लिहाजा सौदेबाज हुकूमत और फौज के चेहरों पर जानलेवा प्रहार भी करते रहे हैं। पीओके के संदर्भ में 1994 से कई बार हमारी संसद प्रस्ताव पारित कर चुकी है कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला कश्मीर भी हिंदुस्तान का अविभाज्य हिस्सा है। पाकिस्तान उसे लौटा दे। यह मुद्दा प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान भी उठाते रहे हैं। दरअसल भारत सैन्य कार्रवाई को अंतिम विकल्प मानता है। पीओके स्वतंत्र भारत की सुबह में ही तत्कालीन सत्ताधीशों की ऐतिहासिक गलतियों की भी डरावनी याद को ताजा करता है। यदि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू अचानक युद्धविराम का फैसला नहीं करते, तो पीओके अस्तित्व में ही नहीं आता। नतीजतन करीब 72,935 वर्ग किमी क्षेत्रफल का भूभाग पाकिस्तान के कब्जे में ही रहा, जो आज भी यथावत है। बल्कि 42,735 वर्ग किमी का भूभाग आज भी चीन अधिकृत कश्मीर कहलाता है। उसमें अक्साई चिन आदि के क्षेत्र आते हैं। भारत प्रशासित जम्मू–कश्मीर 1,06,566 वर्ग किमी में है, जबकि इससे दोगुने क्षेत्र का विलय भारत में हुआ था। बहरहाल उस गलती के 78 लंबे साल गुजर चुके हैं। हमारे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री जयशंकर समय–समय पर बयान देते रहे हैं कि पीओके के निवासी, अपने विद्रोह के बूते, अपने आप हमारी तरफ लौट आएंगे। यह भरोसा भावुक और कहानीमय तो हो सकता है, लेकिन हम इसे बिल्कुल भी आसान नहीं मानते, क्योंकि वहां के क्षेत्रों में चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा बनाया जा रहा है। चीन अरबों रुपए खर्च कर चुका है और अपने इंजीनियरों और कर्मचारियों को भी मरवा चुका है। चीन के मंसूबे विस्तारवादी भी हैं। लिहाजा पीओके को बहुत मुश्किल लड़ाई लड ?ी पड़ेगी। बेशक पाकिस्तान के पास सशस्त्र सेना भी है। वह आज भी बम गिरा कर या गोलीबारी में अपने ही मुल्क के लोगों को मार रहा है। याद रहना चाहिए कि अक्तूबर, 1947 में पाकिस्तान के फौजियों ने, कबायली के मुखौटे पहन कर, तत्कालीन कश्मीर रियासत पर हमला बोल दिया था। महाराजा हरिसिंह ने भारत सरकार से सुरक्षा की गुहार की थी, लिहाजा तय शर्तों के मुताबिक अक्तूबर, 1947 के अंत तक महाराजा ने विलय–पत्र पर दस्तखत कर दिए और जम्मू–कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। उस दौर में देश की 550 से ज्यादा रियासतों ने भी भारत में ही अपने विलय कर दिए थे। इस तरह भारत संघ की रचना हुई और देश में संप्रभुता, एकता, अखंडता का माहौल बना। अब पीओके भारत में विलय के लिए तड़प रहा है, लेकिन वहां हिंदुओं की आबादी मात्र 1000–1500 मानी जाती है। शेष आबादी मुसलमानों की है। कानूनन पीओके का शासन किसी के भी अधीन हो, लेकिन वहां 100 फीसदी दखल पाकिस्तान का है। यदि भारत को हस्तक्षेप करना पड़ा, तो तय मानिए कि युद्ध के हालात जरूर बनेंगे।

## तू चल निकला है मंजिल को

**विवेक कुमार कर्दम**



कविता

तू चल निकला है मंजिल को
तो ठहरी हुई जवानी है,
मोती नहीं है इसके अंदर ,
समुद्र नहीं ये पानी है,

तू ठहर ठहर के चल निकल,
तू लहर लहर के चल निकल,
तू नदियों जैसे बहता चल,
तू मंजिल पर आगे बढ़ता चल,

मुश्किलें पहाड़ों सी खड़ी है,
तेरी हिम्मत उनसे बड़ी है,
सीना तान तू आगे बढ़,
मुश्किलों से हिम्मत से लड़ ,

तू आसमान का तारा बन,
लाखों में एक सितारा बन,
सूरज जैसी तपन है तुझमें ,
तू दुनिया का उजियारा बन,

तू हौसलों से खड़ा हुआ है,
मुश्किलों से लड़ हुआ है,
ये राहें भी छोटी सी है,
तू इनसे पलके ही बड़ा हुआ है

तेरी राहें, ये तेरी मंजिल,
तू इनका लुत्फ उठाता चल,
हर हाल में आगे बढ़,
तू लहर लहर सा बहता चल
तू लहर लहर सा बहता चल।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है दशहरा



जय श्री राम

जय श्री राम



### 1 पौराणिक मान्यता

रामायण के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया और माता सीता को बंधन से मुक्त कराया था। यह घटना धर्म और अधर्म के बीच हुए संघर्ष का प्रतीक मानी जाती है। इसीलिए दशहरे पर रावण दहन की परंपरा है, जिससे यह संदेश मिलता है कि बुराई कितनी भी बलवान क्यों न हो, अंततः उसका नाश निश्चित है। एक अन्य कथा के अनुसार, देवी दुर्गा ने नौ दिनों तक महिषासुर राक्षस से युद्ध किया और दशमी तिथि को उसका वध कर देवताओं को पुनः स्वर्ग का अधिकार दिलाया। इसीलिए यह पर्व शक्ति की उपासना और विजय का प्रतीक भी कहलाता है। महाभारत की कथा में वर्णन मिलता है कि पांडवों ने अपना शस्त्र शमी वृक्ष में छुपाया था। अज्ञातवास की समाप्ति पर दशमी के दिन अर्जुन ने शमी वृक्ष से शस्त्र निकालकर युद्ध किया और विजय प्राप्त की। तभी से इस दिन शमी पूजन और शस्त्र पूजन की परंपरा चली आ रही है।

### 2 पौराणिक मान्यता

## विजयादशमी पर्व का महत्व

विजयादशमी को नया कार्य आरंभ करने, व्यापार शुरू करने और यात्रा के लिए अत्यंत शुभ दिन माना जाता है। इस दिन शस्त्र और वाहन की पूजा करने से साहस और सफलता प्राप्त होती है। शमी वृक्ष की पूजा से धन और समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। यह पर्व आत्मविश्वास और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

### 3 विजयादशमी पूजन विधि

विजयादशमी के दिन प्रातः स्नान के बाद घर के देवस्थान को सजाकर भगवान श्रीराम और माता दुर्गा की पूजा करें। माँ दुर्गा को लाल पुष्प, चुनरी, श्रृंगार की वस्तुएँ और नारियल अर्पित करना शुभ माना जाता है। भगवान श्रीराम की पूजा कर उनके जीवन की आदर्श कथाओं का स्मरण करना चाहिए। इस दिन शमी वृक्ष का पूजन कर उसके पत्तों को तिलक लगाकर घर लाना शुभ माना जाता है। शस्त्र और वाहन को धोकर उन पर रोली, अक्षत और पुष्प अर्पित कर दीपक जलाएँ। इससे घर और जीवन में विजय और मंगल की शक्ति बनी रहती है।

### 4 विशेष पूजनीय वस्तुएं

शमी वृक्ष समृद्धि और विजय का प्रतीक।
आयुध (शस्त्र) शक्ति और सुरक्षा का प्रतीक।
वाहन सुरक्षित यात्रा और सफलता के लिए।
माँ दुर्गा और भगवान श्रीराम धर्म, शक्ति और सत्य की विजय के प्रतीक। विजयादशमी का पर्व हमें यह शिक्षा देता है कि असत्य और अधर्म चाहे कितना भी प्रबल क्यों न हो, धर्म और सत्य की विजय निश्चित है। यह दिन शक्ति, साहस और धार्मिकता के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है।

# गांधी और गांधी विचार को कुचलने की कुचेष्टाएं कब तक ?

लंदन के प्रसिद्ध टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की 57 साल पुरानी कांस्य की प्रतिमा पर हुआ हमला केवल एक मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने की घटना भर नहीं है, बल्कि यह गांधी के अस्तित्व, उनके विचार और भारत की आत्मा पर आघात है। गांधी प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करते हुए काले रंग से लिखा है, गांधी- मोदी, हिंदुस्तानी टेररिस्ट...। वहां एक तिरंगे का भी अपमान किया गया है और उसपर भी टेररिस्ट लिखा हुआ है। जिस समय यह हमला हुआ, वह भी बेहद प्रतीकात्मक है, अंतरराष्ट्रीय गांधी जयंती यानी अहिंसा दिवस से महज तीन दिन पहले। यह समय का ऐसा चयन है जो यह दशार्ता है कि अहिंसा के विचार और गांधी के व्यक्तित्व को मिटाने की एक सुनियोजित विकृत मानसिकता एवं साजिश है। गांधी की प्रतिमा महज धातु का ढांचा नहीं, बल्कि उन मूल्यों का जीवंत प्रतीक है जिन्होंने न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को नई दृष्टि दी, नई दिशा दी एवं शांतिपूर्ण अहिंसक जीवनशैली दी है। इस पर आघात करना इस बात का प्रमाण है कि हिंसा की प्रवृत्तियां, आतंक की मानसिकता एवं नफरत-द्वेष की विध्वंक शक्तियां अब भी गांधी के विचारों से डरती हैं और उसे क्षत-विक्षत एवं ध्वस्त करने के षडयंत्र रचती रहती है, पर महात्मा गांधी भारत के अकेले ऐसे महापुरुष हैं जिन्हें कोई गोली या गाली नहीं मार सकती। गांधी की राजनीति व धर्म का आधार सत्ता नहीं, सेवा था, वसुधैव कुटुम्बकम् था। जनता को भयमुक्त व वास्तविक आजादी दिलाना उनका लक्ष्य था। वे सम्पूर्ण मानवता की अमर धरोहर हैं। उन्होंने दुनिया को अहिंसा का सूत्र देकर शांतिपूर्ण विश्व-संरचना की। दलितों के उद्धार और उनकी प्रतिष्ठा के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन लगा दिया था। उनके जीवन की विशेषता कथनी और करनी में अंतर नहीं होना था। महात्मा गांधी की प्रतिमा पर अज्ञात लोगों ने जो हमला किया और आपत्तिजनक नारे लिखे। भारतीय उच्चायोग ने इसे अहिंसा की विरासत पर हमला बताया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस जांच में जुटी है। ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने घटना को दुखद बताते हुए कहा कि गांधी की शिक्षाएं हमें सदा एकजुट करती रहेंगी। गांधी के व्यक्तित्व एवं विचारों को आहत करने की यह घटना केवल ब्रिटेन के अस्तित्व एवं अस्मिता तक सीमित नहीं रहती, बल्कि भारत की गरिमा और उसकी सांस्कृतिक उपस्थिति को भी चुनौती देती है। जब किसी राष्ट्र के सार्वभौमिक प्रतीक पर हमला होता है, तो वह उस राष्ट्र के स्वाभिमान और उसके विचारों पर हमला माना जाता




है। गांधी केवल भारत के नायक नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के नैतिक मार्गदर्शक हैं। उनका स्मारक क्षतिग्रस्त करना मानवता की उस चेतना को धूमिल करने का प्रयास है जो संवाद, सहिष्णुता, अहिंसा और शांति पर आधारित है। ऐसे समय में जब दुनिया युद्ध, आतंक और कट्टरता से त्रस्त है, गांधी का विचार और भी प्रासंगिक हो जाता है। ऐसे विचार को कुचलने की चेष्टा न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती है। समीक्षात्मक दृष्टि से देखा जाए तो यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर क्यों अहिंसा जैसे सार्वभौमिक मूल्य आज के दौर में असहनीय प्रतीत होते हैं ? क्यों कुछ समूह इतिहास को मिटाने और संवाद की जगह हिंसा को स्थापित करने पर आमादा हैं ? यह केवल अतीत की स्मृति पर हमला नहीं है, बल्कि भविष्य की दिशा पर भी सवाल खड़ा करता है। मूर्तियां टूटीं तो उन्हें ठीक किया जा सकता है, लेकिन यदि विचारों को खंडित करने का यह सिलसिला जारी रहा तो यह मानवता की आत्मा के लिए घातक सिद्ध होगा। समय-समय पर शरारती एवं असामाजिक तत्व देश एवं दुनिया में भारत की महान् विभूतियों- गांधी-मोदी के दर्शन व उनकी कार्य-पद्धतियों पर कीचड़ उछालते रहे हैं और उन्हें गालियां देकर गौरवान्वित होते रहे हैं। ताजा गांधी प्रतिमा को तोड़ने की घटना किसी साधारण शरारत या स्थानीय असंतोष का परिणाम नहीं है, बल्कि यह उस गहरी हिंसक,



ललित गर्ग

आतंकी और विकृत मानसिकता का प्रतीक है, जो दुनिया में अहिंसा की आवाज को दबाना चाहती है। यह घटना केवल एक प्रतिमा को खंडित करने की नहीं, बल्कि महात्मा गांधी के विचारों पर आहत करने की साजिश है। गांधी महज एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक दर्शन हैं। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत विश्व राजनीति, समाज और मानवता के लिए अब भी सबसे बड़ी प्रेरणा बने हुए हैं। इसीलिए हिंसक मानसिकताएं बार-बार इन मूल्यों को मूक बनाने या कुचलने का प्रयास करती हैं। गांधी प्रतिमा पर हमला वस्तुतः उसी मानसिकता की पुनरावृत्ति है, जिसने उनकी हत्या की थी। आज यह मानसिकता कभी धार्मिक उग्रवाद, कभी नस्लीय भेदभाव, कभी आतंकवाद और कभी आर्थिक साम्राज्यवाद का रूप धारण करके सामने आती है। यह घटना भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए गंभीर चेतावनी है कि यदि अहिंसा और सहअस्तित्व की आवाज को चुप करा दिया गया, तो मानव सभ्यता हिंसा, आतंक और विनाश के अंधकार में जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते वर्षों में जिस तरह शांति, वैश्विक सहयोग और अहिंसक संवाद की परंपरा को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित करने का प्रयास किया है, वह गांधी दर्शन की ही आधुनिक अभिव्यक्ति है। अंतरराष्ट्रीय संघर्षों, जलवायु संकटों, आतंकवादी क्रुरताओं और युद्ध की विभीषिकाओं से जूझती दुनिया में भारत की यह भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे में गांधी प्रतिमा पर हमला, दरअसल इस शांति अभियान को ठेस पहुँचाने का संगठित प्रयास है। यह केवल भारत को नहीं, बल्कि उन सभी देशों और समुदायों को चुनौती है, जो अहिंसा को सभ्यता का मूल मंत्र मानते हैं। आज यह जरूरी है कि हम इस हिंसक और आतंकवादी मानसिकता को करारा जवाब दें। यह जवाब केवल प्रतिवाद या आक्रोश से नहीं, बल्कि गांधी के विचारों को और अधिक दृढ़ता से जीकर और फैलाकर देना होगा। जब-जब गांधी प्रतिमा पर चोट की गई है, तब-तब गांधी और बड़े होकर खड़े हुए हैं। कभी-कभी प्रशंसा नहीं ऐसी गालियां गांधी को ज्यादा पूजनीय बनाती रही हैं। जिस प्रकार गांधी ने कहा था-ह्नआप मुझे मार सकते हैं, मेरे शरीर को नष्ट कर सकते हैं, पर मेरे विचारों को समाप्त नहीं कर सकतेह्न-यह सत्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है। दरअसल, अहिंसा को कुचलने की हर कोशिश अहिंसा को और अधिक शक्तिशाली बना देती है। यह हमला गांधी की अमरता का प्रमाण है।

# पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद करने पर वीर खालसा सेवा समिति के सदस्यों को शॉल सिरोपाऔर मिष्ठान देकर सम्मानित किया

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

रामपुर। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सिंह सभा लहर धूमधाम के साथ मनाई गई इस मौके पर ? अमृतसर दरबार साहिब से आए रागी जथा भाई कुलदीप सिंह ने कीर्तन कर संगत को निहाल किया और कहा हर सिख अमृत पान किया अधूरा है हर सिख का ? फर्ज बनता है ? कि वह अमृत मान कर गुरु का सिख बने और दीन दुखियों की सेवा करें इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया हुआ पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद करने पर वीर खालसा सेवा समिति के सदस्यों को ? शॉल ? सिरोपाऔर मिष्ठान देकर सम्मानित किया ? गुरुद्वारा प्रधान निर्मल सिंह ने कहा समिति के द्वारा पंजाब में किए गए कार्य बहुत ही सराहनीय हैं उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के शहीदी पर्व को समर्पित खालसा मार्च भी निकल जाएगा जो रामपुर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचेगी इस मौके पर गुरु का अटूट लंगर की सेवा की गई बड़ी संख्या में संगत गुरुद्वारा साहिब पहुंची और गुरु ग्रंथ समझ को माथा टेका वी गुरु का आशीर्वाद दिया बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह भी मौजूद रहे समिति की तरफ से उनको भी सम्मानित किया गया इस मौके पर ? ग्रंथि सुरजीत सिंह जी ने अरदास की ? इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह सचिन सरदार मनमीत सिंह तरनजीत सिंह गुरिंदर सिंह खालसा मोहल्ला जसपाल सिंह अमरजोत सिंह कपूर जगमोहन सिंह निवान सरदार लखविंदर सिंह सरदार जगजोत सिंह सेवा सिंह नारायण सिंह सुरजीत सिंह अमनदीप सिंह गुलशन अरोड़ा सनी कपूर हरपाल सिंह हरभजन सिंह बत्रा बलविंदर कौर सोनिया रणजीत कौर ? सुरेंद्र सिंह हरमीत सिंह जगजीत सिंह ? निरवैर सिंह। ? मनिंदर सिंह इंद्रजीत सिंह मनदीप सिंह सतनाम सिंह हरपाल सिंह बड़ी संख्या में ? संगत उपस्थित ? रही।



# अहंकार पर धर्म की विजयः लंका दहन ने छोड़ी अमिट छाप

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



रामपुर। शहर के ऐतिहासिक हामिद गेट के सामने मंगलवार की रात बन्नू बिरादरी द्वारा आयोजित लंका दहन का मंचन भक्तिभाव और उत्साह का अद्भुत संगम बना। चारों ओर श्रद्धा और रोमांच का ऐसा वातावरण छाया कि उपस्थित जनसमूह देर रात तक मंत्रमुग्ध बना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं के सम्मान से हुआ। हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बन्नू बिरादरी के मेधावी बच्चों को मुख्य अतिथि सरदार तरनदीप सिंह ग्रोवर और विशिष्ट अतिथि अमित मेंहदीरत्ता ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इससे मंचन का वातावरण और भी प्रेरणादायी बन गया।

सम्मान समारोह के बाद लंका दहन का मंचन प्रारंभ हुआ। मंच पर दृश्य जीवंत हुआ जब राक्षसों ने हनुमान जी की पूंछ में आग लगा दी। इसके बाद जैसे ही हनुमान जी ने अपनी गदा उठाई और सोने की लंका में कूद पड़े, पूरा मंच दहकती ज्वालाओं से आलोकित हो उठा। रावण की स्वर्णमयी लंका हनुमान की शक्ति और वीरता के आगे भस्म हो गई। यह दृश्य इतना अद्भुत और जीवंत प्रतीत हुआ कि दर्शकों के जय बजरंगबली के जयकारे पूरे माहौल में गूंज उठे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरदार तरनदीप सिंह ग्रोवर ने कहा कि लंका दहन केवल एक धार्मिक प्रसंग नहीं है, बल्कि यह संदेश देता है कि अन्याय और अहंकार का अंत निश्चित है। हनुमान जी की यह लीला हमें सिखाती है कि धर्म और सत्य की विजय सदैव होती है।

# अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत आयोजित रामलीला की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

रामपुर। अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत पुराना गंज में आयोजित रामलीला की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस बल की तैनाती, आपातकालीन निकासी मार्ग, भीड़ नियंत्रण और अन्य सुरक्षा उपायों का जायजा लिया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं आयोजकों से भी सहयोग करने और सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

# फाइनल में पाकिस्तान पर भारी पड़ी टीम इंडिया, भाकियू प्रधान ने दी जीत की बधाई पूरे देश में जश्न का माहौल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर। नजीबाबाद एशिया कप 2025 का महामुकाबला भारत ने अपने नाम कर इतिहास रच दिया। क्रिकेट प्रेमियों की दुआओं और खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम इंडिया ने पाकिस्तान को फाइनल में पाँच विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देशभर में जश्न का माहौल देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। टीम इंडिया की इस शानदार जीत पर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) प्रधान टीम ने भी विशेष बधाई दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान, राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी यशपाल राठी, संरक्षक भूदेव प्रधान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहितास सिंह, मंडल प्रभारी चौधरी दलवीर सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार, नरेंद्र सिंह, नजीबाबाद तहसील अध्यक्ष नीरज बालियान, महिला विंग



तहसील अध्यक्ष श्रीमती भारती सहित अन्य पदाधिकारियों ने मिठाई खिलाकर खुशी जताई और कहा कि टीम इंडिया ने पूरे देश का मान बढ़ाया है। रविवार को खेले गए इस हाईवोल्टेज फाइनल में टॉस जीतकर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बॉलिंग का सही फैसला लिया ।पाकिस्तान टीम के कप्तान सलमान अली की अगुवाई में बल्लेबाजी करने उतरी टीम ने तेज शुरूआत तो की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक न पाई। कुलदीप यादव ने कहर बरपाते हुए 4 विकेट चटकाए। जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट झटके। वरुण चक्रवर्ती ने भी 2 विकेट लेकर पाकिस्तान को सिर्फ 146 रन पर ढेर कर दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत थोड़ी लड़खड़ा गई। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हुए, वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव भी महज 1 रन पर पवेलियन लौट गए। लेकिन संकटमोचक बनकर उतरे तिलक वर्मा ने शानदार 69 रनों की नाबाद पारी खेली और टीम को जीत दिलाई। उनका साथ दिया संजू सैमसन (24 रन) और शिवम दुबे (33 रन) ने। अंत में रिंकू सिंह ने विजयी चौका लगाकर ट्रॉफी भारत के नाम कर दी। मैन ऑफ द मैच अपनी शानदार बल्लेबाजी से भारतीय टीम को फाइनल जिताने वाले तिलक वर्मा ने मैन ऑफ द मैच पाकर देश को शानदार जीत का तोहफा तोहफा दिया। ट्रॉफी को लेकर विवाद फाइनल जीत के बाद एक अजीब नजारा भी देखने को मिला। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने टीम इंडिया को ट्रॉफी देने की कोशिश की, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया और बिना ट्रॉफी के ही मैदान पर जश्न मनाया। इस फैसले ने क्रिकेट प्रेमियों और भाकियू नेताओं के दिल जीत लिए।

# अश्लील फब्तियां कसने वाला युवक एंटीरोमियो टीम के हत्थे चढ़ा

**वेलकम इंडिया**



कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी महिलाओं और युवतियों पर अश्लील फब्तियां कसने वाले युवकों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस की एंटीरोमियो टीम ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे महिला सुरक्षा अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के द्वारा बताया गया कि बुधवार को एंटीरोमियो टीम वैष्णो मंदिर कैरानाझकांधला रोड पर चेकिंग और गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को पता चला कि एक युवक राह चलती युवतियों और महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कस रहा है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया ।गिरफ्तार युवक की पहचान आमिर पुत्र साजिद उर्फ प्रभु निवासी ग्राम गढ़ी दौलत, थाना कांधला, के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। आरोपी युवक मनचले को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक सुनील दत्त, महिला कांस्टेबल श्वेता और महिला कांस्टेबल बबीता शामिल रहे।

# रामसेतु निर्माण और विभीषण शरणागत की लीला ने मोहा मन



**वेलकम इंडिया**

कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी कस्बे की पावन धरती पर धार्मिक उत्सव का अद्भुत दृश्य तब देखने को मिला जब पंजाबी धर्मशाला में श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान श्रीराम की आरती से आरंभ हुआ यह आयोजन रामसेतु निर्माण, विभीषण शरणागत और रावण-अंगद संवाद जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों की भावनात्मक और भव्य प्रस्तुतियों के साथ श्रद्धालुओं को रामभक्ति में सराबोर कर गया। रामसेतु निर्माण का दृश्य मंच पर इतनी खूबसूरती से उकेरा गया कि दर्शकों की आंखें नम हो उठीं। वहीं विभीषण का श्रीराम के चरणों में शरण लेना और प्रभु की करुणा से उन्हें स्वीकार करना, मानवता और धर्म की विजय का संदेश देता रहा। रावण और अंगद के बीच हुआ संवाद भी दर्शकों को बांधे रखने में सफल रहा, जिसमें अंगद की वीरता और रावण की अहंकारपूर्ण मुद्रा को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों की सजीव अदायगी और भावपूर्ण अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर एक संवाद और दृश्य पर तालियों की गूंज से पूरा पंडाल गूंज उठा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई मंचन में डूबा नजर आया। इस भव्य आयोजन में डॉ. रणवीर सिंह, अनिल मित्तल, डॉ. जनेश्वर चौहान, सर्वेश वर्मा, अंकित, कन्हैया सैनी, जितेंद्र सैनी, प्रदीप कुमार सिंघल, राजीव अग्रवाल और सुरेंद्र शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और लीला का आनंद लिया।

# चौधरी मुरारी सिंह जंग ए आजादी के सच्चे सिपाही

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

नजीबाबाद : तहसील के एक गाँव सिकंदरपुर में पैदा हुए और वही पर पले बड़े और बहुत से आंदोलन देखते हुए बड़े हुए जिस से बचपन में ही उनके अंदर देश भक्ति की अलख जगने लगी जिन्होंने आगे चलकर महात्मा गांधी जी के साथ अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लिया महात्मा गांधी जी 1947 में जब नजीबाबाद आये थे जंग ए आजादी के दौरान चौधरी मुरारी सिंह ने गांधी के साथ हिस्सा लेकर गांधी जी का आशीर्वाद भी प्राप्त किया था। चौधरी मुरारी सिंह इस दिन को अपनी ज़िंदगी का सबसे खूबसूरत और यादगार दिन मानते है। मुरारी सिंह से अकीदत रखने वाले सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेने वाले उर्दू अदब के जानकार महमूद हसन मकरानी नूरपुर ने अवाम



व मीडिया को ये सब जानकारी दी और चौधरी मुरारी सिंह के द्वारा दी गई शिक्षा व गांधी जी के साथ जंगे आजादी में भूमिका को याद किया। चौधरी मुरारी सिंह आज 97 वर्ष की आयु में अपने ही गाँव में स्वस्थ व खुशहाल जीवन वियतीत कर रहे है। मुरारी सिंह के पढ़ाये हुए बच्चे भी आज देश में विभिन पदो पर देश की सेवा कर रहे है। चौधरी मुरारी सिंह का परिवार बेटे डॉ० प्रमोद कुमार जो ब्लॉक कोतवाली कस्बा किरतपुर में सरकारी अस्पताल में प्रभारी के तोर पर कार्यरत है। मुरारी सिंह के दामाद डॉ० जोगेंद्र सिंह प्रधानाचार्य व वैज्ञानिक आई सी ए आर करनाल हरियाणा में कार्ययर्त है।

# हनुमान के किरदार में सक्षम चौधरी ने पढ़ाया रामायण का पाठ

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

हनुमान की भक्तिलिन कथा को देख अतिथियों को याद आई भगवान राम की कहानी जनपद बिजनौर के कोतवाली देहात। केएस चिल्ड्रंस एकेडमी में नवरात्रि व दशहरा का भव्य आयोजन बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन से हुआ, जहां विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी कन्याओं का तिलक कर उन्हें उपहार प्रदान किए और प्रसाद स्वरूप केले भी वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कन्या पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में नारी शक्ति के आदर और सम्मान का संदेश दिया ।उन्होंने बुराई पर अच्छाई की विजय के आदर्श




को अपने सरल और सशक्त शब्दों में व्यक्त कर छात्र-छात्राओं को प्रभावित किया। मंच पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवदुर्गा नृत्य ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। इसे विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने श्री राम लक्ष्मण, के साथ संपन्न किया। रावण दहन के साथ वातावरण में बुराई के अंत और अच्छाई की जीत का जोशपूर्ण संदेश गूँज उठा कार्यक्रम का सफल आयोजन गतिविधि प्रभारी मानसी ,सक्षम चौधरी,अग्रवाल, पारुल मेहरा, रेणुका गौतम मीनाक्षी शर्मा के कुशल निर्देशन व देखरेख में सम्पन्न हुआ।

# लवकुश बस्ती मे विजयदशमी उत्सव कार्यक्रम मनाया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नगीना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी वर्ष लवकुश बस्ती मे विजयदशमी उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य वक्ता प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख के उदयवीर सिंह का उद्बोधन प्राप्त हुआ। मुख्य वक्ता ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा का चर्चा की तथा संघ द्वारा विविध क्षेत्र में किए जा रहे सेवा कार्य एवं गतिविधि पर प्रकाश डाला। शाखा द्वारा तथा सेवा कार्य द्वारा संघ के कार्य आगे बढ़ने का आव्हान किया। संघ के पांच परिवर्तन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

सामाजिक समरसता समस्त समाज में समरसता आवश्यक है, कुटुम्ब प्रबोधन आज वर्तमान समय में संयुक्त परिवार की बहुत आवश्यकता है, पर्यावरण संरक्षण की चर्चा की। हमारा



भाषा, भूषा, भजन, भवन, भोजन, सब स्वदेशी हो, नागरिक कर्तव्य इस देश के प्रति अपने कर्तव्य का बोध हमे होना चाहिए, ये देश हमारा देश है इसके प्रति अपने कर्तव्य हमे सदैव ज्ञात होने चाहिए। अपने अध्यक्ष उद्बोधन मैं रिटायर्ड एस आई जयपाल सिंह वाल्मीकि ने संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार के संघर्ष भरे जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहां कि यह उनकी मन इच्छाओं का बलिदान और कार्यशीलता का प्रमाण है। जिन्होंने अपनी और अपने परिवार की सभी खुशियों का त्याग कर देश सेवा समाज सेवा को सर्वोपरि माना जिन पर हमें गर्व है। कि उन्होंने कहां की 1925 में उस समय स्थापना की थी। जिस दौर में अपने आप को हिंदू कहते हुए भी लोग डरा करते थे। कार्यक्रम में अनमोल नगर कार्यवाह, प्रबोध सह नगर करवा, हर्ष नगर शारीरिक शिक्षण प्रमुख, आवास सह नगर विद्यार्थी प्रमुख, अनुराग नगर विद्यार्थी प्रमुख, निर्मल प्रचार प्रमुख, सुधीर बौद्धिक प्रमुख, अनिल शर्मा बस्ती प्रमुख, नितिन संपर्क प्रमुख, अनिल राणा ,मुकेश चौहान, विकास अग्रवाल, अमित गुप्ता, मनोज कुमार, राजकुमार चावला, सुंदर फौजी, काकू कुमार बड़ी संख्या में गणवेश धारी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# रामलीला मेला महोत्सव में एसडीएम ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**वेलकम इंडिया**

कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी कस्बे के कैराना मार्ग पर इन दिनों रामलीला मेला महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों के साथ-साथ मेले में झूले, दुकानों और विभिन्न आकर्षणों को देखने के लिए रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु व आमजन पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए पुलिस व प्रशासन चौकसी बरते हुए है और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर बनाए हुए है ।देर रात एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज स्वयं मेले में पहुंचीं। उन्होंने मेले का भ्रमण कर



सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को मुस्तैद रहने और पुलिस बल को भी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि है, किसी भी दशा में मेले में कोई गड़बड़ी न होने पाए ।एसडीएम ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले हर व्यक्ति पर पैनी नजर रखी जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।रामलीला मेला महोत्सव के दौरान देर रात तक श्रद्धालु व दर्शक उपस्थित रहते हैं, ऐसे में प्रशासन ने सुरक्षा हेतु अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया है। वहीं मेला परिसर में आने वाले लोगों को शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है।

# राष्ट्र साधना के 100 वर्ष- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** 100 वर्ष पूर्व विजयदशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी ये हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनर्स्थापन था, जिसमें राष्ट्र चेतना समय-समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए, नए-नए अवतारों में प्रकट होती हैं इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है ये हमारी पीढ़ी के स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमें संघ के शताब्दी वर्ष जैसा महान अवसर देखने मिल रहा है मैं इस अवसर पर राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित कोटि-कोटि स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देता हूं। मैं संघ के संस्थापक, हम सभी के आदर्श डॉक्टर हेडगेवार के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ संघ की 100 वर्षों की इस गौरवमयी यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए हैं जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित-पल्लवित हुए हैं जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती हैं उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती हैं, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है जिस तरह एक नदी कई धाराओं में खुद को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है। संघ के अलग-अलग संगठन भी जीवन के हर पक्ष से जुड़कर राष्ट्र की सेवा करते हैं शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आदिवासी कल्याण, महिला सशक्तिकरण, समाज जीवन के ऐसे कई क्षेत्रों में संघ निरंतर कार्य करता रहा है विविध क्षेत्र में काम करने वाले हर संगठन का उद्देश्य एक ही है, भाव एक ही है राष्ट्र प्रथम अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण रास्ता चुना और इस चलने के लिए जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है जहां से स्वयंसेवक की अहम्-से वयं की यात्रा शुरू होती हैं संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं। राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ और शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बनें इन्हीं स्तंभों पर खड़े होकर संघ ने लाखों स्वयंसेवकों को गढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ा रहे हैं संघ जब से अस्तित्व में आया संघ के लिए देश की प्राथमिकता ही उसकी अपनी प्राथमिकता रही आजादी की लड़ाई के समय डॉक्टर हेडगेवार समेत अनेक कार्यकताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया, डॉक्टर साहब कई बार जेल तक गए। आजादी की लड़ाई में कितने ही स्वतन्त्रता सेनानियों को संघ संरक्षण देता रहा उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहा आजादी के बाद भी संघ निरंतर राष्ट्र साधना में लगा रहा इस यात्रा में संघ के खिलाफ साजिशें भी हुईं, संघ को कुचलने का प्रयास भी हुआ ऋषितुल्य परम पूज्य गुरु जी को झूठे केस में फंसाया गया लेकिन संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता को स्थान नहीं दियो क्योंकि वो जानते है हम समाज से अलग नहीं हैं, समाज हमसे ही तो बना है समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थित प्रज्ञ रखा है समाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है। प्रारंभ से संघ राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया, तब स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की हर आपदा में संघ के स्वयंसेवक अपने सीमित संसाधनों के साथ सबसे आगे खड़े रहते रहे यह केवल राहत नहीं थी यह राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का कार्य था खुद कष्ट उठाकर दूसरों के दुख हरना ये हर स्वयंसेवक की पहचान है आज भी प्राकृतिक आपदा में हर जगह स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचने वालों में से एक रहते हैं अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में, संघ ने समाज के अलग-अलग वर्गों में आत्मबोध जगाया स्वाभिमान जगायो संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है जो दुर्गम हैं जहाँ पहुँचना सबसे कठिन है संघ दशकों से आदिवासी परंपराओं, आदिवासी रीति-रिवाज, आदिवासी मूल्यों को सहेजने-संवारने में अपना सहयोग देता रहा है।



## न्यू राजपूत पीजा प्रतिष्ठान का हुआ भव्य शुभारम्भ

**वाराणसी :-** लहुराबीर चौराहा स्थित न्यू राजपूत पीजा प्रतिष्ठान का हुआ भव्य शुभारम्भ उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में मंत्री डॉक्टर दयाशंकर मिश्र दयालु और विशिष्ट अतिथि अमरीश सिंह भोला सदस्य विकास प्राधिकरण वाराणसी, मंडल प्रभारी हिंदू युवा वाहिनी उत्तर प्रदेश के द्वारा प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया गया आलोक सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि कों किया गया सम्मानित न्यू राजपूत पीजा प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता आलोक सिंह ने कहा की यह प्राचीन राजपूत ब्रदर्स की नई पीढ़ी का स्वादिष्ट चाइनीज फूड का रेस्टोरेंट चालू किया गया अतिथियों में शालिनी यादव पूर्व प्रत्याशी लोकसभा वाराणसी, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय मिश्रा, श्रुति द्विवेदी, समाजवादी विचार धारा के शम्मी सिंह, लहुराबीर व्यापार मंडल अध्यक्ष रजनीश कनौजिया एवं दो बार के सभासद और वरिष्ठ भाजपा नेता कुंवर कान्त सिंह एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कई छात्र नेता और अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# 17वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का सफल समापन

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी:-**17वाँ आदिवासी युवा आदान -प्रदान कार्यक्रम का सफल समापन हुआ यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गृहमंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया था कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों से आए आदिवासी युवाओं को एक मंच प्रदान करना था जहाँ वे अपनी संस्कृति, परंपराओं और अनुभवों का आदान-प्रदान कर सकें तथा राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समरसता को सुदृढ़ कर सकें। इस सात दिवसीय आयोजन में पांच राज्यों से लगभग 200 से अधिक आदिवासी युवाओं ने भाग लियो प्रतिभागियों ने भाषण एवं सास्कृतिक प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया साथ ही उन्हें शैक्षणिक भ्रमण, कार्यशालाओं एवं प्रेरक व्याख्यानों के जरिए नई जानकारी और अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ- साथ राष्ट्र की विविधता में एकता की भावना को भी मजबूत करते हैं उन्होंने सभी प्रतिभागियों को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा मुख्यमंत्री के साथ लिये गये ग्रुप फोटो को वितरित किए गए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों नियमानुरास पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गयो कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ इस प्रकार 17वाँ आदिवासी युवा आदान -प्रदान कार्यक्रम न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मंच बना, बल्कि आदिवासी युवाओं के बीच आपसी भाईचारे, ज्ञान-विनिमय और राष्ट्रीय एकता का सशक्त संदेश भी लेकर आया।

## रामनवमी पर किडजी एवं जेड बी स्कूल में अरहान ने निभाया भरत का रोल

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** रामनवमी के अवसर पर कस्बा शाहजहांपुर स्थित किडजी एवं जेड बी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोहम्मद अरहान ने भरत का किरदार निभाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया।नोनिहाल के भावपूर्ण अभिनय ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। अरहान द्वारा निभाया गया भरत का रोल इतना सजीव रहा कि उपस्थित स्कूल स्टाफ और दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा।स्कूल की प्रधानाचार्य आयुषी गोयल ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों के साथ-साथ मंच कला के प्रति भी रुचि विकसित करते हैं।

## प्रधान ने पत्रकार के घर पर की तोड़फोड़



**जौनपुर** सराय ख्वाजा क्षेत्र के बड़उर गांव में बीती रात एक पत्रकार के घर पर हमला किया गया। आरोप है कि ग्राम प्रधान, उसके भाई और 10 अज्ञात बदमाशों ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। हमलावरों ने पत्रकार के घर पे तोड़फोड़ भी की। घटना के तुरंत बाद पत्रकार ने पुलिस हेल्पलाइन 112 पर कॉल किया और स्थानीय थाना प्रभारी को भी सूचना दी। हालांकि, घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित पत्रकार और स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस जानबूझकर इस मामले में कार्रवाई करने से बच रही है। अब तक न तो कोई मुकदमा दर्ज किया गया है और न ही प्रधान या उसके भाई के खिलाफ कोई जांच शुरू की गई है। पत्रकार ने इस संबंध में थाना प्रभारी से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा

## चेन व रॉड से हमला, एक नामजद व आठ अज्ञात के खिलाफ तहरीर

मिजार्मुराद। मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के बिहड़ा गांव (मिजार्मुराद) में मंगलवार की रात बेचू दुबे के मकान पर तीन बाइक से पहुंचे नौ लोगों ने बेचू दुबे को घर से बाहर बुलाने के बाद बातचीत करते हुए रॉड से सिर व शरीर पर हमला कर दिया।जब पीड़ित जान बचाकर भागने लगा तो सभी ने चैन से हमला कर दिया व पीड़ित का आरोप है कि बुरी तरह मरने पीटने के बाद मेरा सोने का चेन छीनकर सभी बाइक से भाग निकले।पीड़ित द्वारा घटना की सूचना रात में ही पुलिस को दिया गया।बेचू दुबे ने मिजार्मुराद थाने में पहुंचकर देर रात शिव कुमार यादव व आठ अज्ञात समेत नौ के खिलाफ जान से मारने की नीयत से हमला करने व चेन छीनने का तहरीर दिया।बेचू दुबे औराई स्थित एक अस्पताल में अपना दवा इलाज करवाया।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिला है जांच–पड़ताल किया जा रहा है।

## त्योहारों पर अमन-चैन बनाए रखने को पुलिस का पैदल गश्त



वेलकम इंडिया

मेरठ (जाकिर तुर्क) त्योहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। बुधवार को किठौर क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिजीत कुमार के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी किठौर प्रमोद कुमार सिंह और थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार पांडे ने पुलिस बल के साथ कस्बे के प्रमुख मार्गों पर पैदल गश्त किया। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने मुख्य बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस बीच संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग भी की गई। पुलिस अधिकारियों ने राहगीरों व व्यापारियों से संवाद कर संभावित संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी ली और त्योहारों के दौरान सतर्क रहने की अपील की।अधिकारियों का कहना है कि दशहरा, रावण दहन और दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा इंतजाम कड़े किए जा रहे हैं। पैदल गश्त का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था पर नजर रखना ही नहीं बल्कि आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना जगाना भी है।

# आरएसएस सेवा, त्याग और राष्ट्र निर्माण की शताब्दी यात्रा - राजनाथ सिंह (रक्षा मंत्री)

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** 27 सितंबर 1925 को जब डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना की थी तब शायद ही किसी ने ऐसा सोचा होगा कि आगामी सौ वर्षों में यह संगठन इतना विशाल और प्रभावशाली बन जाएगा। बीते दस दशकों में आरएसएस ने भारत की सामाजिक बुनियाद को मजबूत किया है उसकी संप्रभुता की रक्षा की है कमजोर वर्गों को सशक्त बनाया है और भारतीय सभ्यता के मूल्यों को संजोए रखा हैं वर्तमान में आरएसएस निःस्वार्थ सेवा का जीवंत प्रतीक बन गया है आरएसएस के शताब्दी उत्सव के अवसर पर उसकी यात्रा को पुनः याद करना उचित भी है और आवश्यक भी हाल ही में दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में सरसंघचालक श्री मोहन भागवत ने संघ के समावेशी विचारों पर चर्चा करते हुए कहा धर्म व्यक्तिगत पसंद का विषय है इसमें किसी तरह का प्रलोभन या जोर-जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए यह वक्तव्य संघ की मूल विचारधारा को प्रतिबिंबित करता है कि समाज में टकराव नहीं, सामंजस्य हो, बिखराव नहीं, एकता हो और केवल भौतिक वस्तुओं की प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जीवन की सार्थकता पर बल हो आज भी संघ की दैनिक शाखाएँ और स्वयंसेवकों द्वारा चलाए गए कार्यक्रम अनुशासन, आत्मबल और भारतीय संस्कृति पर गर्व करने की प्रेरणा देते हैं जिससे श्रेष्ठ भारत के निर्माण का मार्ग सुगम होता हैं। इसलिए यह अत्यंत स्वाभाविक बात है कि संघ के अनुकरणीय योगदान के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से संघ को दुनिया का सबसे बड़ा गैर-सरकारी संगठन बताया और देशवासियों को संघ की सौ साल की भव्य, प्रेरणादायक और समर्पित यात्रा के बारे में याद दिलाया। वर्ष 1947 में जब भारत स्वतंत्रता का उत्सव माना रहा था तब विभाजन की त्रासदी की वजह से बहुत जनहानि हुई थी और लाखों लोगों को अपने घरों से विस्थापित होना पड़ा था ऐसी भीषण परिस्थिति में आरएसएस के स्वयंसेवक एक अनुशासित, संगठित और निःस्वार्थ सेवकों के रूप में सामने आए उन्होंने हिंसा से प्रभावित लोगों को सुरक्षा प्रदान करने और चिकित्सा उपलब्ध कराने के साथ विस्थापित लोगों के पुनर्वास में अनन्य योगदान दिया विभाजन से पहले भी आरएसएस के दूसरे सरसंघचालक श्री गुरु जी (एम.एस.गोलवलकर) और संघ के कई वरिष्ठ नेताओं ने पंजाब के विभिन्न हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया था और उन्होंने वहाँ के लोगों को आत्मरक्षा और राहत कार्यों के लिए संगठित किया था इस दौरान संघ की भूमिका का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि तत्कालीन हालात से घबराये कांग्रेसी नेताओं को भी अपने परिवारों और समुदाय की रक्षा के लिए संघ की मदद लेनी पड़ी थी संघ द्वारा समाज-सेवा का कार्य विभाजन के बाद भी अनवरत जारी रहा 1984 में जब सिख विरोधी दंगे भड़काए गए और हजारों सिखों की हत्या की गई, तब भी संघ स्वयंसेवक सिखों की रक्षा और राहत कार्यों के लिए सबसे आगे थे लेखक खुशवंत सिंह ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा है कि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद में हिंदू-सिख एकता बनाए रखने में आरएसएस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई संघ के कार्यों को देखकर यह बात आसानी से कही जा सकती है कि कुछ लोगों द्वारा आरएसएस पर बहुसंख्यकवादी संगठन होने का आरोप लगाना बिल्कुल निराधार और गलत है स्वतंत्रता के समय भी संघ ने भारत के अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की रक्षा में मदद की थी मार्च 1947 में जब मुस्लिम लीग द्वारा उकसाई गई भीड़ श्री हरमंदिर साहिब की ओर बढ़ी, तो तलवारों और लाठियों से लैस आरएसएस के स्वयंसेवकों ने न केवल उसका सामना किया बल्कि उसे पीछे हटने पर मजबूर कर दिया थो तीन दिन बाद जब एक और सुनियोजित हमला श्री हरमंदिर साहिब पर करने का प्रयास किया गया था, तब आरएसएस के स्वयंसेवकों ने एक मानव घेरा बनाकर गुरुद्वारे की रक्षा की थी और हमलावरों को सफलतापूर्वक खदेड़ भगाया था।

## मुखबिर की सूचना पर आबकारी की छापामारी:- अवैध शराब बरामद



समर्थ कुमार सक्सेना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दिन बुधवार दिनांक 01/10/2025 को विजय, आबकारी निरीक्षक, सेक्टर 9, लखनऊ तथा कृष्ण कुमार सिंह, आबकारी निरीक्षक, सेक्टर 12 लखनऊ द्वारा मय स्टाफ थाना तालकटोरा अंतर्गत आवास संख्या उ 47/28, निकट टकर चौराहा, राजाजीपुरम में मुखबिर खास की सूचना पर छापामारी की गई जिसमें अवैध शराब ( श्अळ 69 ब्रांड के 48 पउवै, 100 पाइपर ब्रांड की 04 बोतल, रॉयल स्टैग ब्रांड की 04 बोतल, डग्गी१ उँङ्की ब्रांड का एक टेट्रा पैक, 100 पाइपर ब्रांड की एक लगभग आधी भरी बोतल, रॉयल स्टैग ब्रांड की 04 खाली बोतल) की बरामदगी करते हुए 02 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 अंतर्गत थाना तालकटोरा में अभियोग पंजीकृत कराया गया।

## युवांओ के आत्मनिर्भर बनने से ही होगा देश का विकास : अखंड प्रताप सिंह



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि युवां स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बने।युवाओं के आगे बढ़ने से ही देश की प्रगति होगी। जिला उपाध्यक्ष बुधवार की सांयकाल खजुरी में सौरभ इंटरप्राइजेज पर बिरला सीमेंट के नए फर्म सौरभ सीमेंट एजेंसी के।शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के पद से उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। भाजपा नेता व जिला सहकारी फेडरेशन (डीसीएफ) के निदेशक अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री व काशी के सांसद नरेंद्र मोदी की सोच हैं कि देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े और युवां स्वरोजगार से जुड़ आत्मनिर्भर बने।युवांओ को सरकार की योजनाओं से जोड़कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाना भाजपा का मुख्य लक्ष्य हैं। एजेंसी के अधिष्ठाता सभाजीत यादव ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक सन्तु राम यादव, सेवानिवृत्त फौजी प्रदीप सिंह, हाईकोर्ट के अधिवक्ता आशीष मिश्रा, डा.एम.मुस्तफा, डा.अनिल चौबे, डा.एचपी पटेल, शैलेन्द्र सिंह 'पिंटू' (पत्रकार), पूर्व महामंत्री नन्दकिशोर सिंह पटेल (अधिवक्ता), अंशु सिंह, हितेंद्र पटेल, संजय मौर्या, राजन सिंह, गोपालदत्त शर्मा, उमेश उपाध्याय (पत्रकार), अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित' (पत्रकार), दीनदयाल विश्वकर्मा, चन्द्रभान यादव, अमलेश, सौरभ यादव, अखिलेश समेत अन्य उपस्थित रहे।

# छतारी में लक्ष्मी रिसॉर्ट का शुभारंभ, क्षेत्र को मिली नई पहचान

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर :** छतारी दोराहे पर शनिवार को लक्ष्मी रिसॉर्ट का भव्य शुभारंभ धूमधाम से किया गया। थाना प्रभारी संदीप सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। रिसॉर्ट का शुभारंभ होने से क्षेत्रीय लोगों को लाभ मिलेगा। अब लोग अपने निजी कार्यक्रम, विवाहित कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेंगे। छतारी के अलीगढ़ अनूपशहर रोड़ स्थित छतारी दोराहे पर रविवार को लक्ष्मी रिसॉर्ट का भव्य शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लक्ष्मी रिसॉर्ट का शुभारंभ थाना प्रभारी संदीप सिंह, एसएसआई वीरपाल सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी श्रीओम शर्मा (जयरामपुर), रिसॉर्ट के प्रबंधक किशन पूरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। लक्ष्मी रिसॉर्ट को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। हरियाली और प्राकृतिक वातावरण के बीच बने इस रिसॉर्ट में वातानुकूलित लग्जरी रूम, मल्टी-कुजीन रेस्टोरेंट, सहित विवाह-समारोहों के लिए बैंक्वेट हॉल की व्यवस्था की गई है। वरिष्ठ समाजसेवी श्रीओम शर्मा ने कहा कि इस रिसॉर्ट से न केवल क्षेत्र की पहचान बढ़ेगी, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। यहां विवाह, पारिवारिक आयोजन और कॉर्पोरेट मीटिंग्स आसानी से हो सकेंगी। डायरेक्टर सुनील पुरी ने बताया कि रिसॉर्ट का शुभारंभ होने से क्षेत्रीय लोगों को अब विवाहिक कार्यक्रम करने में आसानी होगी। रिसॉर्ट में रुकने से लोगों को उत्तराखंड का अहसास होगा। रेस्टोरेंट के खाना बनने से लेकर परोसने तक के लिए अनुभवी कर्मचारियों को रखा गया है। जो कि देश के मशहूर होटलों में कार्य का अनुभव रखते हैं। इस मौके पर त्रिलोक पुरी, योगेश पूरी, सुरेश पुरी, प्रमोद पंत, कृष्णा पुरी, सचिन पंडित, मिस्कीन खां, कपिल गौड़, बब्बू जैन, खां सहाब, शालिम, राहुल राजपूत आदि मौजूद रहे।

# नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पुलिस जांच में जुटी






वेलकम इंडिया

शिकारपुर/अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के मुमरेजपुर गांव में बुधवार को एक 22 वर्षीय नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर की आत्महत्या। प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिन पुत्र सोमवीर सिंह निवासी गांव मुमरेजपुर की पत्नी रश्मि ने संदिग्ध परिस्थितियों में छत में लग रहे पाइप पर लटक कर चुनरी से लगाई फांसी जब मृतका का पति सचिन ऊपर छत पर बने कमरे पर पहुंचा तो देखा कि उसकी पत्नी ने अंदर से कमरे का दरवाजा बंद कर रखा जब उसने अपनी पत्नी को आवाज लगाई तो अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो सचिन ने परिजनों को चिल्लाया और दरवाजा तोड़ा गया तो तब तक फांसी के फंदे पर रश्मि की मौत हो चुकी थी लेकिन आनन फानन में परिजन निजी अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतका के ससुर सोमवीर सिंह ने मौत की सूचना मृतिका के परिजनों को दी गई बताया जा रहा है कि मृतका की शादी करीब 2 वर्ष पूर्व हुई है मृतिका का मायका जिला कासगंज के थाना अमापुर क्षेत्र के गांव का कछेला में बताया जा है घटना की सूचना पर अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा एवं शिकारपुर सीओ मधुप कुमार सिंह मय पुलिस बल के घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस ने अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी उसके बाद फॉरेंसिक टीम पहुंची और घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किए वही नायब तहसीलदार एवं पुलिस ने मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ शिकारपुर मधुप कुमार सिंह ने बताया है कि मृतका के परिजनों ने घटना से संबंधित कोई तहरीर नहीं दी है लेकिन मायका पक्ष के लोगों के ने हत्या का आरोप लगाया है फिर भी पुलिस तमाम बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है लेकिन तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्षा की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन




वेलकम इंडिया

बुलंदशहर जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अंतुल तेवतिया की अध्यक्षता में बैठक आहूत हुई। जिला पंचायत की उक्त बैठक का संचालन अपर मुख्य अधिकारी धर्मजीत त्रिपाठी के द्वारा किया। भारत सरकार के द्वारा जीएसटी की पुरानी दरों (5 प्रतिशत से लेकर 28 प्रतिशत) को जीएसटी संशोधित दरें अब (0 प्रतिशत से 18 प्रतिशत) तक लागू किए जाने के संबंध में, प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा-सम्मान एवं स्वाबलंबन हेतु ३मिशन शक्ति३ के विशेष अभियान (पेज 5.0) एवं मुख्यमंत्री द्वारा विकसित उत्तर प्रदेश @2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान के अंतर्गत चर्चा करते हुए पोर्टल पर सुझाव भी अपलोड किए गए। साथ ही विभागीय एजेण्डा में शामिल बिन्दूओं आदि पर भी चर्चा उपरांत प्रस्ताव पास हुए बैठक में जिला पंचायत सदस्य शैलेश शर्मा नाहर सिंह, गीता चरौरा, रेनू अनुराधा ओंकार सिंह, अनिल सूर्यवंशी मांगेराम लटूर सिंह आदि।

# शारदीय नवरात्रि पर भीमचंद्र ज्वैलर्स ने विशाल भंडारे का किया आयोजन, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**असदुल्लाह सिद्दीकी**




**सिद्धार्थनगर।** शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन दुर्गा पूजा पंडालों में भंडारे की धूम रही। कहीं पूड़ी, सब्जी, कहीं खीर और कहीं बुदिया का वितरण होता रहा। इस दौरान भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की भीड़ जुटी रही। इसमें महिलाओं की संख?या भी काफी अधिक रही। भंडारा देर रात तक चला। भक्तों ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और जयकारे लगाए। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था।

सिद्धार्थनगर नगरपालिका कस्बा के स्वर्ण व्यवसायी भीम चंद ज्वैलर्स की ओर से शारदीय नवरात्रि नवमी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे शहर में भक्ति और आस्था का माहौल रहा। भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी, चावल और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। शाम से ही बड़ी संख्या में भक्त उमड़ पड़े और माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इस आयोजन में भीमचंद्र ज्वैलर्स, पप्पू चौबे, शिव कुमार कसौधन, बैजनाथ कसौधन, नीति, अनीता, गुड्डू वर्मा, संतोष कुमार गुप्ता, संजीव कुमार, विनोद कुमार बजाज आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई। पंडाल के सभी सदस्यों के सहयोग से यह धार्मिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने इस पर्व को सामाजिक एकता और धार्मिक भावना को मजबूत करने वाला बताया। भंडारे में शामिल भक्तों ने माता रानी से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

## पेड़ से लटकता मिला 20 वर्षीय युवक का शव, हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**मिश्रौलिया/सिद्धार्थनगर।** जिले के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के बैजनथा गांव में बुधवार सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आयीं है, जहां आम के पेड़ से 20 वर्षीय युवक सनी देवल की शव लटकता मिला। इस घटना से पूरे गांव में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही मिश्रौलिया थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या मानकर तफ्तीश कर रही है, लेकिन मृतक के परिजनों ने हत्या का गम्भीर आरोप लगाया है। वहीं मृतक सनी देवल की मां के मुताबिक गांव के ही एक परिवार ने उनके पुत्र की हत्या की है। परिजनों ने रात भर युवक की तलाश की, लेकिन सुबह उसकी लाश गांव के बगीचे में आम के पेड़ से लटकती मिली। परिजनों का आरोप है कि हत्या करने के बाद साड़ी के किनारे का फंदा बनाकर उसे पेड़ से लटकाया गया। पुलिस को साड़ी का बाकी हिस्सा बाग में बनी एक झोपड़ी से मिला है।

# ई-रिक्शा चालक युवक का फांसी के फंदे से लटका मिला शव

**असदुल्लाह सिद्दीकी**




**कठेला/सिद्धार्थनगर।** जिले के थाना क्षेत्र कठेला समय माता अन्तर्गत ग्राम पंचायत धोबहा पठानडीह निवासी 35 वर्षीय रामसेवक गुप्ता ने गरीबी और कर्ज से परेशान होकर बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। युवक ई-रिक्शा चला करके परिवार का पालन-पोषण करता था। रामसेवक पर पत्नी रीता सहित पांच पुत्रियों और एक छोटे पुत्र की जिम्मेदारी पूरी तरह उसके कंधों पर थी। परिवार का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना उसके लिए हमेशा चुनौती बनी रहती थी। वहीं पत्नी रीता ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे मेरे पति रोज की तरह रिक्शा लेकर घर से निकले। मैं खेत में काम करने गई थी। लगभग 11:30 बजे मेरी बड़ी बेटी भागती हुई खेत में आयीं और बताया कि पापा फांसी के फंदे से लटक रहे हैं। यह सुनकर मेरे पैरों तले जमीन खिसक गई। आपको बता दें कि मृतक रामसेवक की पांच पुत्रियों और एक पुत्र है। बड़ी पुत्री 12 बर्ष, दूसरी 10 बर्ष, तीसरी 08 बर्ष, चौथी 6 बर्ष और पांचवीं मात्र 4 बर्ष की है। सबसे छोटा पुत्र केवल 2 वर्ष का है। पत्नी रीता बताती हैं कि उनके पति हमेशा पुत्रियों के भविष्य को लेकर चिन्तित रहते थे। हमारे बीच कभी विवाद नहीं हुआ। वे हमेशा कहते थे कि इतनी गरीबी में मैं पुत्रियों का भविष्य कैसे बनाऊंगा। यही सोच उन्हें तोड़ रही थी। मृतक रामसेवक की बहन लक्ष्मी ने कहा कि सुबह करीब 11 बजे भाई मेरे घर आया था। सामान्य बातचीत की और चला गया। मुझे बिल्कुल अन्दाजा नहीं था कि वह इतना बड़ा कदम उठा लेगा। दोपहर लगभग 12 बजे मेरे पति का मुम्बई से फोन आया और बताया कि तुम्हारे भाई ने फांसी लगा ली है। यह सुनते ही मेरे होश उड़ गये। वहीं गांव में चर्चा है कि मृतक रामसेवक पर काफी कर्ज था। जिसे वह चुका पाने में असमर्थ था। बच्चों की परवरिश और घर खर्च का बोझ उसके लिए असहनीय हो गया था। ग्रामीणों का कहना है कि गरीबी और जिम्मेदारियों का बोझ ही उसकी मौत का असली कारण बना। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष कठेला समयमाता अभय सिंह ने बताया कि मृतक रामसेवक ने गरीबी और कर्ज को लेकर परेशान था, जिसको लेकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। वहीं शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए सिद्धार्थनगर भेजा गया है।

## विजयदशमी पर ज्योतिषाचार्या नीरू नागी ने दिया शुभ संदेश, बताया दशहरे का आध्यात्मिक महत्व

**वेलकम इंडिया**



**प्रयागराज।** विजयदशमी का पर्व असत्य पर सत्य की जीत और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाता है। इसी अवसर पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या नीरू नागी ने विशेष संदेश देते हुए कहा कि दशहरा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि जीवन में नकारात्मकता को त्यागकर सकारात्मक ऊर्जा को अपनाने का संकल्प दिवस है।

नीरू नागी ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर धर्म की स्थापना की थी। यह पर्व हमें सिखाता है कि चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को इस अवसर पर अपने भीतर के ह्लरावणह्व अर्थात क्रोध, अहंकार, ईर्ष्या और लोभ को जलाकर सद्गुणों को अपनाने का प्रण लेना चाहिए।

ज्योतिषाचार्या ने यह भी बताया कि इस दिन विशेष पूजा-पाठ, शस्त्र पूजन और देवी-देवताओं के दर्शन करने से जीवन में नई ऊर्जा और सफलता प्राप्त होती है। ग्रह-नक्षत्रों की दृष्टि से भी दशहरा शुभ कार्यों की शुरूआत के लिए उत्तम दिन माना गया है। अंत में नीरू नागी ने सभी भक्तजनों को विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

# लखीमपुर खीरी में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया

**वेलकम इंडिया**



**लखीमपुर खीरी :** में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। बुधवार को आयोजित ऐतिहासिक रामलीला में रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर रामलीला मैदान में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा लखीमपुर खीरी के रामलीला मैदान में बुधवार की शाम का नजारा अद्भुत था। ढोल-नगाड़ों और जय श्रीराम के नारों के बीच भगवान राम ने रावण का वध कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। रावण के पुतले में जैसे ही अग्नि लगाई गई, हजारों लोगों ने तालियों और नारों से आसमान गुंजा दिया। रामलीला कमेटी द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य आयोजन किया गया बताया जा रहा है कि यह रामलीला कई दशकों से निरंतर आयोजित की जा रही है और इसकी पहचान पूरे जनपद ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों में भी है। रामलीला देखने के लिए दूर-दराज के गांवों और कस्बों से भी लोग पहुंचे। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आनंद लिया कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन ने भी पुख्ता इंतजाम किए थे। मैदान और आसपास के क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात रहा ताकि भीड़भाड़ के बीच किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी लोगों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। आयोजन का उद्देश्य समाज को यह संदेश देना है कि बुराई चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंत में जीत हमेशा अच्छाई की होती है।

# रामनवमी पर एस.एफ स्ट्रीट स्कूल में हुआ विशेष आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड्स सोसाइटी द्वारा संचालित ट्रांसपोर्ट नगर एवं श्यामकुंज के एस एफ स्ट्रीट स्कूल में रामनवमी का पावन पर्व भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने माँ दुर्गा के जयकारों से माहौल को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के सदस्य पीयूष बंसल ने विधिवत पूजन-अर्चना एवं कन्या पूजन कर की। माँ दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद बच्चों को प्रसादी के रूप में स्वादिष्ट भोजन कराया गया। प्रसाद ग्रहण करते समय बच्चों के चेहरे पर असीम आनंद और उल्लास साफ झलक रहा था। संस्था की अध्यक्ष शिखा बंसल ने कहा कि रामनवमी शक्ति, भक्ति और सद्गुणों की विजय का पर्व है। यह हमें सिखाता है कि जीवन में कठिनाइयों का सामना साहस और सकारात्मक सोच के साथ करना चाहिए। इस पावन अवसर पर संस्था द्वारा बच्चों को शिक्षा सामग्री एवं उपयोगी वस्तुओं का वितरण भी किया गया। किताबें, कॉपियां, पेंसिल एवं अन्य सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। संस्था की वरिष्ठ सदस्य अंकिता शर्मा ने बताया कि एस एफ स्ट्रीट स्कूल का उद्देश्य केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में संस्कार, आत्मविश्वास और सामाजिक मूल्यों का विकास करना भी है। संस्था मथुरा के विभिन्न क्षेत्रों मैं झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले 500 से अधिक बच्चों को प्रतिदिन निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है। संस्था के पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वे समाज सेवा के इस संकल्प को आगे भी जारी रखेंगे और जरूरतमंदों तक हर संभव मदद पहुँचाते रहेंगे।

## बरेली हिंसा के बाद योगी सरकार के अफसरों ने छीनी तौकीर के रिश्तेदार सलमान की गनर सुरक्षा

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**



**बरेली।** जुमे की नमाज के बाद भड़की हिंसा के बाद से शहर में तनाव का माहौल है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अब किसी भी प्रभावशाली शख्स को भी बख्शा नहीं जाएगा। इसी सख्ती की कड़ी में दरगाह आला हजरत से जुड़े और काजी-ए-हिंदुस्तान असजद मियां के दामाद सलमान हसन खां उर्फ. सलमान मियां की सरकारी सुरक्षा हटा दी गई है। सलमान मियां को लंबे समय से शासन स्तर पर दो गनर (हेड कांस्टेबल नफीस और नवाब) मुहैया कराए गए थे। लेकिन हालिया हिंसा की जांच में खुफिया रिपोर्ट ने उनकी भूमिका को संदिग्ध करार दिया। रिपोर्ट के बाद शासन ने फौरन उनका सुरक्षा कवच हटा लिया। मंगलवार रात दोनों गनर ने पुलिस लाइन में अपनी आमद दर्ज करा दी। अब सलमान मियां पर कोई सरकारी सुरक्षा नहीं रहेगी। सलमान मियां का घर दरगाह आला हजरत के पास कोतवाली थाना क्षेत्र में है। सूत्रों के अनुसार पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने वहां निगरानी और कड़ी कर दी है। सुरक्षा हटने के बावजूद उनकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि हिंसा के बाद शहर को सामान्य करने के लिए हर स्तर पर सख्ती बरती जा रही है। जिनका भी नाम किसी भी रूप में उपद्रव से जुड़ा पाया जाएगा, उन पर कार्रवाई होगी।

# छात्रों ने निकाली साइकिल रैली दिया स्वच्छता संदेश




**वेलकम इंडिया**

औरंगाबाद/बुलंदशहर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी के एन सी सी कैडेट्स ने साइकिल रैली निकाली। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ एन सी सी अधिकारी डॉ रामजी द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर किया। अपने संबोधन में उन्होने कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं देखी थी बल्कि एक स्वच्छ और विकसित देश की कल्पना की थी। महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाई लेकिन अब स्वच्छ भारत बनाए रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। इंद्रपाल सिंह नरेश कुमार रोहतास एकता दुष्यंत नितिन कृष्णवीर दीपक निखिल पंकज प्रिंस आदि मौजूद रहे।

# गोवर्धन के भक्तों ने संचौली में किया छप्पन भोग फूल बंगला आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** नवरात्रों के अवसर पर गोवर्धन के माता रानी के भक्तों ने सांचौली पहुंच कर सांचौली मईया का भव्य फूल बंगला , छप्पन भोग व भजन संध्या का आयोजन किया।

गोवर्धन से सैंकड़ों मां के भक्त श्री जय मां सांचौली देवी पदयात्रा सेवा समिति के तत्वाधान में सांचौली पहुंचे। वहां पूजा अर्चना उपरांत बगीची से अपने अपने सिर पर छप्पन भोग की छबरिया लेकर ढोल नगाड़ों के साथ माता के मंदिर पहुंचे। जहां भव्य फूल बंगला के साथ छप्पन भोग आयोजन किया। बगीची पर ही भजन संगीत के आयोजन के साथ भंडारा प्रसाद का कार्यक्रम हुआ। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि धार्मिक आयोजन में गोवर्धन से करीब 500 भक्तों ने भाग लिया। आयोजन में नगर पंचायत गोवर्धन चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा, लच्छो मित्तल पोषक वाले, पूर्व चेयरमैन सत्य प्रकाश मित्तल, पंकज ठाकुर, विष्णु गर्ग, मनोज सिंघल , चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार, घनश्याम अग्रवाल बाँचे लाला, राम गर्ग, शंकर तस्वीर वाले, श्री नाथ गर्ग, हरवंश मित्तल, डालचंद सिंघल, पवन मित्तल जमुना लाइट वाले, राजू अग्रवाल, मिथलेश मित्तल, रागिनी मित्तल, मीनू गर्ग, हेमलता सिंघल, ऋतु सिंघल, पारुल मित्तल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मथुरा में महाराजा अम्बरीष जयंती महोत्सव दो दिवसीय मनाया जाएगा

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** सोनी समाज सेवा समिति मथुरा व सोनी समाज युवा समिति मथुरा के संयुक्त तत्वाधान में राजर्षि महाराज अंबरीष जी की शोभायात्रा जयंती महोत्सव एवं मेला का आयोजन मथुरा में किया जा रहा है।

6 अक्टूबर को महाराज अम्बरीष की शोभायात्रा एवं 7 अक्टूबर (शरद पूर्णिमा) को महाराज अम्बरीष जयंती मेला महोत्सव का आयोजन होगा। शोभायात्रा का शुभारम्भ 6 अक्टूबर को सायं 4 बजे होगा। शोभायात्रा अम्बरीष जी मार्ग, शाहगंज दरवाजा, कच्ची सड़क से लाल दरवाजा, चौक बाजार, मण्डी रामदास, होती हुई डीगगेट, अंगूरी वाटिका पर प्रसादी के साथ सम्पन्न होगी।एवं 7 अक्तूबर को केदार धाम रिसॉर्ट मसानी पर महाराज अम्बरीष जयंती मेला महोत्सव का आयोजन होगा। जगदीश सोनी को अम्बरीष मेला का मुख्य संयोजक बनाया गया है वहीं विजय सिंह वर्मा (आशू) को शोभायात्रा का मुख्य संयोजक बनाया गया है। कार्यक्रम की तैयारियों में सोनी समाज सेवा समिति के संरक्षक डॉ० देवेन्द्र कुमार, अध्यक्ष मोहन सोनी, उपाध्यक्ष दीपक वर्मा पूर्व सभासद ,कोषाध्यक्ष सुधीर वर्मा टोनी, संगठन मंत्री मनीष वर्मा, संयुक्त मंत्री संजय वर्मा ( मुकुट वाले ), आय-व्यय निरीक्षक राजकुमार वर्मा (जय जय ) व मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा पलसो वाले, नारायण दास वर्मा, यू. सी. वर्मा, राजू वर्मा व सोनी समाज युवा समिति से अध्यक्ष बॉबी वर्मा, उपाध्यक्ष सोनू वर्मा, महामंत्री नितिन वर्मा, कृष्णा मुरारी वर्मा (भोला ),उमेश चंद सोनी,मुकेश सोनी,अरविन्द वर्मा, चंद्रेश वर्मा, चिराग सोनी, रूप किशोर वर्मा, सहित सोनी समाज सेवा समिति एवं युवा समिति के पदाधिकारी,सदस्यगण जुटे हुए हैं।

## कन्या-लांगुरा पूजन के साथ हुआ नौ दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का समापन

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में नौ दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ एवं देवीपुराण पाठ का समापन आज 121 कन्या-लांगुरा पूजन के साथ हो गया। विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कन्या-लंगुरा स्वरूप बालक - बालिकाओं को उपहार बांटकर पूजन अर्चन कर महायज्ञ एवं देवीपुराण पाठ अनुष्ठान संपन्न किया। वृंदावन से आए संस्कृत विद्वान एवं यज्ञाचार्य पंडित गौतम कृष्ण शास्त्री ने नवमी नवरात्र अनुष्ठान में कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा सहित सभी पूजन विधिपूर्वक सम्पन्न कराया। उपस्थित सभी वैदिक पंडितों ने स्वस्तिवचन के साथ महायज्ञ की पूणार्हुति के मंत्र पढ़कर केएम विश्वविद्यालय परिवार को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जनकल्याण के लिए हुए सहस्त्र चंडी यज्ञ निश्चित ही क्षेत्रवासियों सहित देशवासियों के लिए कल्याणकारी होगा।

# गोवर्धन में 'शताब्दी महोत्सव' की धूम

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा/गोवर्धन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर, जिला कोसी के नेतृत्व में गोवर्धन केशव बस्ती के स्वयंसेवकों द्वारा भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। करीब 300 स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हुए यह पथ संचलन निकाला, जिसका स्थानीय निवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह ऐतिहासिक पथ संचलन गोवर्धन में बरसाना रोड स्थित चंद्रा गार्डन से आरंभ हुआ। स्वयंसेवकों ने कदम से कदम मिलाते हुए लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय की। संचलन बड़ा बाजार, चकलेश्वर महादेव, दसविसा, सोंख अड्डा, और प्रमुख धार्मिक स्थल दानघाटी मंदिर से होते हुए मुरारी कुंज स्कूल पर समाप्त हुआ। संघ के इस अनुशासनबद्ध पथ संचलन का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा और जयकारों के साथ भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने राष्ट्र सेवा के प्रति उनके समर्पण को सराहा। कार्यक्रम का शुभारंभ और मार्गदर्शन संत सियाराम बाबा की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत सियाराम बाबा द्वारा की गई। संचलन से पूर्व, शस्त्र पूजन और भारत माता के पूजन के साथ कार्यक्रम का विधिवत आरंभ हुआ। संत सियाराम बाबा ने इस मौके पर स्वयंसेवकों को संबोधित किया। समापन पर आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में जिला प्रचारक कोसीकलां के कुश जी भाई साहब ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रीय एकता, चरित्र निर्माण, और समाज सेवा में संघ की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# नवरात्रि की महानवमी पर फिल्म अभिनेता राजपाल यादव ने कन्या पूजन कर भव्य कन्या भोज कराया

वेलकम इंडिया

**प्रयागराज**। मुंबई- शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर महानवमी के दिन फिल्म अभिनेता राजपाल यादव ने श्रद्धा और भक्ति भाव से कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नन्हीं कन्याओं व मातृशक्ति को आमंत्रित किया गया, जिन्हें देवी का स्वरूप मानकर सम्मानपूर्वक पूजा गया।

राजपाल यादव ने परंपरानुसार कन्याओं के चरण धोए, तिलक लगाया और आरती उतारकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सभी कन्याओं को स्वादिष्ट व्यंजनों से युक्त भव्य भोज कराया गया और उपहार भी वितरित किए गए। आयोजन स्थल पर भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। दुर्गा सप्तशती पाठ और भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण माँ दुर्गा की आराधना में डूबा रहा। इस अवसर पर अभिनेता राजपाल यादव ने भावुक शब्दों में कहा नवरात्रि में कन्या पूजन मात्र एक परंपरा नहीं बल्कि माँ दुर्गा की सच्ची साधना है। आज जब मैंने इन बेटियों की पूजा की तो ऐसा लगा मानो स्वयं माँ दुर्गा से आशीर्वाद प्राप्त कर रहा हूँ। बेटियाँ हमारे समाज की शक्ति और संस्कृति की धरोहर हैं, इनकी सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य है। पूरे आयोजन में श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक व उनके शुभचिंतक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सबने एक स्वर में माँ दुर्गा से देश और समाज की खुशहाली, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस भव्य आयोजन ने यह संदेश दिया कि समाज में बेटियों का सम्मान ही सच्ची पूजा है और कन्या पूजन से ही नवरात्रि का पूर्ण फल प्राप्त होता है।



# बरेली में पोस्टर विवाद... कांग्रेस सांसद इमरान मसूद और सपा एमएलसी शाहनवाज खान नजरबंद

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली**। 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर से शुरू हुआ विवाद शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद बड़ा रूप ले बैठा। जिसके बाद आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां अपने समर्थकों के साथ ज्ञापन देने के बहाने भीड़ जुटा लाए। प्रशासन ने इसे कानून-व्यवस्था के लिए खतरा मानते हुए रोकने की कोशिश की। भीड़ न मानी तो पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा, जिसके बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। इसके बाद से शहर में लगातार तनाव बना हुआ है। एहतियातन जिला प्रशासन ने धारा 144 लागू कर दी है और संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। विवाद के राजनीतिक रंग लेने के बाद सहारनपुर के कांग्रेस सांसद इमरान मसूद और समाजवादी पार्टी के एमएलसी शाहनवाज खान मंगलवार को बरेली आने वाले थे। वे अधिकारियों से मुलाकात कर अपना पक्ष रखना चाहते थे। लेकिन प्रशासन ने देर रात से ही दोनों नेताओं के आवासों पर भारी पुलिस बल तैनात कर उन्हें नजरबंद कर दिया। जिलाधिकारी का कहना है कि शहर की शांति और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोई भी कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ₹अफवाह फैलाने या उकसावे की कार्रवाई करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।₹ पुलिस ने गश्त तेज कर दी है और सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए साइबर सेल को सक्रिय कर दिया गया है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने आरोप लगाया है कि उन्हें और उनके समर्थकों को धर्म के आधार पर रोका जा रहा है। उन्होंने कहा, ₹हम शांतिपूर्ण ढंग से बरेली जाकर अधिकारियों से बात करना चाहते थे, लेकिन हमें लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित किया गया।₹ वहीं, सपा एमएलसी शाहनवाज खान ने प्रशासन को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यह कदम अल्पसंख्यक समाज को दबाने की कोशिश है। शहर में शुक्रवार को शुरू हुआ यह विवाद अब पूरी तरह से सियासी जंग का रूप ले चुका है।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार: महिला शक्ति की अद्वितीय पहल - डॉ मधु गुप्ता

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली**। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। यह कहना यूपीएचसी सीबीगंज की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता का है। उन्होंने कहा है कि हमें स्वास्थ्य और सेवा के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है, इसके लिए हमें नियमित रूप से रक्तदाता करना चाहिए और रक्तदान के माध्यम से समाज में जीवन बचाने का महत्वपूर्ण योगदान करना चाहिए। 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत, डॉ. गुप्ता की यह पहल महिलाओं की शक्ति और समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। यह अभियान पीएम मोदी और सीएम योगी के मिशन सशक्तिकरण और सामाजिक विकास के विजन को साकार करता है। डॉ. मधु गुप्ता का नियमित रक्तदान न केवल दूसरों के लिए जीवनदायी है, बल्कि यह महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। समाज की अन्य महिलाओं को भी डॉ. गुप्ता जैसी प्रेरणादायक पहल में आगे आने की जरूरत है, जिससे उनकी भागीदारी और बढे और जरूरतमंदों को समय पर रक्त प्राप्त हो सके।

# संतकबीरनगर पुलिस ने चोरी में अभियुक्त को किया गिरफ्तार

संतोष यादव/ वेलकम इंडिया

**धनघटा**। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राज शेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना धनघटा उ0नि0 आशुतोष मणि त्रिपाठी, उ0नि0 जय प्रकाश कुशवाहा, हे0का0 प्रमोद राय, आरक्षी जितेन्द्र यादव आरक्षी संदीप यादव ने

चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त पप्पू पुत्र लालजी निवासी गोनवतिया थाना धनघटा को सिसवनिया के पास से दिनाँक 01.10.2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

पहली घटनाः- दिनाँक 07.08.2025 को वादी शैलेश उर्फ रामाज्ञा चौहान पुत्र रामफेर निवासी सोनडीहा थाना धनघटा द्वारा थाना धनघटा पर अज्ञात चोर के विरुद्ध दिनाँक 06/07.08.2025 की रात्रि में वादी के घर में घुसकर सोने व चाँदी के जेवरात, रुपये व कुछ कागजात चोरी कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना धनघटा पर मु0अ0सं0 377/2025 धारा 305(ं) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

दूसरी घटनाः- दिनाँक 08.09.2025 को वादी रामदास पुत्र विरजू निवासी शिवापार थाना धनघटा पर अज्ञात चोर के विरुद्ध दिनाँक 07.09.2025 की रात्रि में वादी के घर में घुसकर जेवरात व रुपये चोरी कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना धनघटा पर मु0अ0सं0 438/2025 धारा 305(ं) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

तमंचा व कारतूस बरामदगी के आधार पर थाना धनघटा पर मु0अ0सं0 377/2025 में धारा 3/25 आयुध अधिनियम की बढोत्तरी की गयी तथा चोरी के जेवरात व रुपयों की बरामदगी के आधार पर उक्त दोनो अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिंदा कारतुस 315 बोर, चोरी के 03 अदद झुमका पीली धातु, 02 अदद अगुंठी पीली धातु, 02 जोड़ी पायल सफेद धातु, 01 जोड़ी विछुवा, सफेद धातु के आभुषण, 01 एदद निर्वाचन कार्ड, 1000/ रुपये नगद बरामद किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त पर स्थानीय थाना में मु0अ0सं0 514/2024 धारा 305, 317(2) बीएनएस, मु0अ0सं0 516/2024 धारा 305, 317(2), 331 (4) बीएनएस, मु0अ0सं0 545/2024 धारा 305, 317(2), 331(4)बीएनएस, मु0अ0सं0 549/2024 धारा 317(2), 317(4), 317(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है।

# मौलाना तौकीर के करीबी डॉ. नफीस और उनका बेटा गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य



**बरेली**। बरेली बवाल मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इत्तेहाद मिल्लत काउंसिल के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता डॉ. नफीस को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके बेटे फरहान रजा खान को भी पकड़ा है। एसएसपी अनुराग आर्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलासा किया कि साजिश के तहत जुमे की नमाज का वक्त बदलकर भीड़ इकट्ठा की गई थी। आम तौर पर जुमे की नमाज शहर की मस्जिदों में 12:30 से 3:30 बजे के बीच अदा की जाती है। लेकिन हिंसा वाले दिन एक बजे नमाज पढ़वाई गई। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग नौमहला मस्जिद से निकलकर इस्लामिया ग्राउंड की ओर बढ़ गए। ररढ ने कहा कि यह सब पूरी प्लानिंग के तहत किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि शुक्रवार सुबह ही एक वीडियो अपील वायरल की गई थी। इसी के बाद नमाज के वक्त में बदलाव की सूचना अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप्स पर फैलाई गई। एसएसपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और आई-ट्रिपल-सी कंट्रोल रूम से मिले वीडियो के आधार पर लगातार पहचान की जा रही है। जांच में पता चला कि डॉ. नफीस के बेटे फरहान ने आईएमसी का आधिकारिक फेसबुक पेज ऑपरेट किया।

# नवरात्रि नवमी पर वाराणसी की मिसेज एशिया विजयता सचदेवा का जन्मदिवस, शुभकामनाओं की बधाइयों से गूँजा दिन

वेलकम इंडिया



**वाराणसी**। नवरात्रि के पावन अवसर पर जब सम्पूर्ण देश माँ दुर्गा की आराधना और विजय की कामना में लीन है, उसी शुभ घड़ी में वाराणसी की मिसेज एशिया विजयता सचदेवा का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह संयोग अपने आप में अद्वितीय है कि माँ सिद्धिदात्री की पूजा के दिन विजयता जी का जन्मोत्सव पड़ रहा है।

उनके चाहने वालों ने इस खास दिन को और भी खास बना दिया। संस से लेकर सोशल मीडिया तक, फ्रेंड्स, परिवार, फिल्म इंडस्ट्री और मीडिया से जुड़े शुभचिंतकों ने उन्हें ढेरों बधाइयाँ और शुभकामनाएँ भेजकर उनके जीवन में सफलता, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। विजयता सचदेवा ने अपने व्यक्तित्व, सौंदर्य और कार्यकुशलता से मिसेज एशिया का खिताब जीतकर न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज का गौरव बढ़ाया है। उनके जन्मदिवस पर शुभकामनाओं की इस झड़ी ने न केवल उनके चाहने वालों का प्यार दिखाया बल्कि उन्हें प्रेरणा और उत्साह से भी भर दिया।

नवरात्रि की पावन बेला पर विजयता जी का जन्मदिन उत्साह, ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक बन गया है। सभी ने माँ दुर्गा से प्रार्थना की कि मिसेज एशिया विजयता सचदेवा का जीवन हमेशा उज्ज्वल, सफल और प्रेरणादायक बना रहे।

# लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम ने गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को किया सुपुर्द

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- थाना लालपुर पाण्डेयपुर एन्टीरोमियो व मिशन शक्ति टीम के भ्रमण के समय पहड़िया मण्डी मे एक रोते हुए दस साल का बच्चा मिला जिससे टीम द्वारा रोने का कारण पूछा गया तो उसने बताया कि वह झारखंड के बिरगिटी गांव का रहने वाला है उसके पिता का नाम अजिजुल शेख है वह झारखंड से भटककर यहां आ गया था अब अपने घर जाना चाहता है बच्चे से घर वालों का फोन नंबर पूछने पर उसने बताया कि मुझे नंबर याद नहीं हैं मिशन शक्ति टीम द्वारा गूगल पर झारखंड के बिरगिटी गांव को सर्च किया गया तो गूगल पर हसन बैग के नाम से एक दुकानदार का नंबर मिला जिससे संपर्क किया गया दुकानदार ने बच्चे का व्हाट्सएप के माध्यम से फोटो देखते ही बच्चों को पहचान लिया और बताया कि इसका नाम इब्राहिम है वह तीन दिन पहले घर से कहीं चला गया था इसके घर वाले बहुत परेशान है दुकानदार से इब्राहिम के माता पिता का नम्बर लेकर मिशन शक्ति टीम द्वारा जरिये दूरभाष वार्ता किया गया तो इब्राहिम के घर वाले बताये कि इब्राहिम घर से बिना बताया चला गया हैं वाराणसी में इब्राहिम की बहन, मामा और मौसा मौसी रहते है तत्पश्चात इब्राहिम के मौसी साइन बानो को थाना हाजा पर बुलाकर इब्राहिम को सुपुर्दगी में दिया गया पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, म0उ0 नि0 निकिता सिंह, म0उ0नि0 आकांक्षा मिश्रा, म0का0 अनीता सिंह, म0का0 करिश्मा, म0का0 चिम्पू शाह, म0हे0 का0 बुचिया देवी की भूमिका सराहनीय रही ।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से थाना बखिरा अन्तर्गत ग्राम ढोंढया में दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर**।
बुद्धवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने संयुक्त रुप से थाना बखिरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ढोंढया में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल एवं विसर्जन स्थल मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये कि मार्ग में पड़ने वाले बिजली के तारों को देख लिया जाए, जहां भी मार्ग में दिक्कत है वहां आने-जाने वाले रास्तों को संबंधित से ठीक करा लिया जाए ताकि मूर्तियों का विसर्जन निर्विघ्नता पूर्वक किया जा सके । मूर्ति विसर्जन स्थलों पर गोताखोरों की व्यवस्था रखी जाए, ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में उनका उपयोग किया जा सके स्थानीय पुलिस, फायर सर्विस और स्वास्थ्य विभाग की टीमों को विसर्जन स्थलों पर तैनात किया जाए । जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनता से अपील की कि शासन/प्रशासन के निदेशों का पालन करें और सुरक्षित रूप से विसर्जन में भाग लें । साथ ही महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि अवांछनीय एवं अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखें किसी भी प्रकार की गतिविधि होने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे । निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना बखिरा राकेश कुमार सिंह, राजस्व विभाग व पुलिस के अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पृथ्वीगंज औवार में मेगा स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**दिनांक 01 अक्टूबर 2025 प्रतापगढ़**। सामुदायिक स्वास्थ्य पृथ्वीगंज औवार में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एक भव्य मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएँ व ग्रामीणजन पहुँचे और स्वास्थ्य संबंधी जांच एवं परामर्श का लाभ उठाया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिलाओं के लिए मुफ्त जांच, निःशुल्क दवाइयाँ, पोषण संबंधी परामर्श तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। शिविर में राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से भी एक आकर्षक स्टॉल लगाया गया, जिसमें हरी सब्जियाँ, फल, अनाज, दालें तथा पोषणयुक्त आहार से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने महिलाओं को संतुलित आहार, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर देखभाल के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मातृ शिशु सुरक्षा कार्ड, सिल्क सेल कार्ड, पोषण ट्रैक एवं लाभार्थियों का पंजीकरण जैसी सेवाओं से भी अवगत कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, मलेरिया टाइफाइड की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में 642 मरीजों की ओपीडी की गई 336 मरीजों की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर प्रदीप भास्कर मिश्रा, डॉ अमरनाथ, डॉक्टर विपिन, डॉक्टर इंद्र भूषण, डॉक्टर संगीता, डॉक्टर इसरा शैलेश नेत्र परीक्षण अधिकारी, डॉ डीके सरोज प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अधीक्षक मौजूद रहे।

# नागरिकों को सुविधा प्रदान करना है प्रशासन का प्रथम दायित्व: डॉ नागपाल

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने आज अपने कार्यालय में आमजन की समस्याओं को सुना । गौरतलब है कि उपायुक्त हर कार्यदिवस पर आमजन से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करने का हरसंभव प्रयास करते है ।

उपायुक्त डॉ नागपाल ने इस मौके पर कहा कि प्रशासन और अधिकारियों का यह दायित्व बनता है कि आम नागरिकों को कोई परेशानी ना उठानी पड़े । उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा के लिए अतिरिक्त चार्ज वाले अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे सप्ताह में दो दिन दादरी मुख्यालय पर अवश्य बैठे । इस अवसर पर उन्होंने समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर भी संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द एटीआर प्रस्तुत करने के कड़े निदेश जारी किए ।

# श्योराण खाप ने सभी खाप चौधरियों व समाजसेवियों को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** श्योराण खाप उत्तर प्रदेश द्वारा गांव रोरी मे सम्मान समारोह आयोजित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता प्रमोद श्योराण अंगदपुर जोहडी ने की व सभा का संचालन नरेन्द्र श्योराण रोरी ने किया। इस समारोह मे दूर दूर से श्योराण पहुंचे। सुजानगढ राजस्थान के रणसिंह श्योराण ने जल्द ही श्योराण डायरेक्टरी बनाने की घोषणा की। पूर्व डीएसपी राजेन्द्र सिंह श्योराण चंडीगढ़ ने अपने उदबोधन मे समाज के युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने को कहा। यदि किसी युवा को आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा प्राप्त नही हो पा रही है। तो उनको आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया गया। इस सभा के मुख्य अतिथि सर्व खाप मंत्री चौधरी सुभाष बालियान ने सभा को सबोधित करते हुए कहा हमारे समाज मे नशा, दहेज प्रथा व मृत्यु भोज पर बहुत अधिक खर्च करने की कुप्रथा बढ रही है। हम सभी को इन बुराईयो को समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए। आचार्य श्री राम निवास जी महाराज ने सभी को आशीर्वाद दिया व सभी को त्याग तपस्या का मर्म समझाया। श्योराण खाप चौधरी बाबा परमेन्द्र आर्य ने चौधरी सुभाष बालियान सर्व खाप मंत्री व चौधरी शरणवीर सिंह देशवाल खाप, चौधरी वरुण सिंह सहरावत खाप, चौधरी सुखपाल सिंह घणघस खाप, चौधरी जितेंद्र सिंह धामा खाप, चौधरी गजेन्द्र सिंह अहलावत खाप, चौधरी सचिन बुडियान खाप, चौधरी बालिस्टर सांगवान खाप, चौधरी ओमपाल सिंह डांगी खाप, राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नलिन सिंह व सामाजिक कार्यकताओं व खिलाड़ियों को फूलमाला पहनाकर व श्योराण खाप का सम्मान प्रतीक भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलराम सिंह रोहटा, अरुण श्योराण अंगदपुर जोहडी, जाकिर श्योराण अंगदपुर जोहडी, अयूब श्योराण अंगदपुर जोहडी, चौधरी उदयवीर सिंह नोएडा, सोमवीर श्योराण बढदू भिवानी आदि उपस्थित रहे। सभी ने प्रति वर्ष इस तरह का एक बडा कार्यक्रम करने का सुझाव दिया।




# स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत दिलायी स्वच्छता जागरूकता शपथ

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** डॉ० के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर मे स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत संस्कार स्वछता, स्वभाव स्वछता पर 35 यू पी वाहिनी एन सी सी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य डा सतीश चंद अग्रवाल के निर्देशन एवं कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर व लेफि_टनेंट राजीव जांगिड के नेतृत्व में एक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के एन सी सी कैडेट्स को एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने स्वच्छता जागरूकता के अंतर्गत अपने घर, मोहल्ले और शहर को स्वच्छ रखने में मदद करने हेतु शपथ दिलायी साथ ही समय समय पर श्रमदान करने एवं अन्य लोगों को भी श्रमदान के लिए जागरूक करने और स्वच्छता की इस मुहिम में आगे आने के लिए प्रेरित करने का काम किया। इसके उपरांत कैडिटस ने स्वच्छता का संदेश देते हुए विद्यालय कैंपस मे सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। कॉलेज प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल ने छात्रों एवं कैडेट्स को इस राष्ट्रव्यापी मुहिम में सहयोग करने की अपील करते हुए सभी से अपने परिवेश में साफ सफाई करने का आह्वान किया।

वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह ने सभी कैडेट्स को स्वच्छता के इस अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने तथा अपने आस पास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं स्वच्छता की इस मुहिम में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर कैप्टन रजनीश जिंदल, लेफि_टनेंट राजीव जांगिड़, एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर, सी टी ओ महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज डॉ विजय शंकर सिंह, हवलदार अरविंद दीक्षित, कैडेट नमन, पुरस्कर, श्याम, संदीप, कार्तिक, अंशु ,विनीत, नैतिक के साथ सैकड़ों एन सी सी कैडेट्स ने श्रमदान किया।



# दुर्गा पूजा महोत्सव माँ आद्या कात्यायनी काली मंदिर द्वारा आयोजित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा महोत्सव काली मंदिर में माँ आद्या कात्यायनी काली मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया जा रहा है। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप बोस ने बताया कि इस दुर्गा पूजा को 54 वर्ष हो गए है मंदिर में हजारों भक्त रोजाना दर्शन कर रहे हैं। सुबह शाम पूजा के साथ-साथ रोज भंडारे का भी आयोजन हो रहा है। रोज शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हो रहे हैं। जिसमें सनातन की झलक भी मिलती है। इस कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व सांसद प्रतिनिधि विनोद गोस्वामी, भाजपा के नगर अध्यक्ष आकाश शर्मा, संजीव अरोड़ा, स्वदेश जैन, साधन मित्रा, राजेश चौधरी, असित, अमित गर्ग, हनी सरकार, डॉ अनुज अग्रवाल, नंदी जी, नितिन तायल, अमोल अमित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# समस्या का समाधान कराने के आश्वासन पर आठ अक्टूबर तक अनशन स्थगित

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** सीकरी खुर्द महामाया मन्दिर पर चल रहा कार्मिक अनशन आज तीसरे दिन एसडीएम अजीत कुमार के द्वारा 8 अक्टूबर को त्रिपक्षीय वार्ता कराकर समस्या का समाधान कराने के आश्वासन पर आठ अक्टूबर तक अनशन स्थगित कर दिया गया डाक्टर बबली गुर्जर ने बताया कि ग्रामवासियों के द्वारा आज सुबह रोजाना की तरह धरना स्थल पर अनशन शुरू कर दिया गया था काफी संख्या में लोग धरने पर उपस्थित थे नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा अपनी टीम के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और एसडीएम से फोन पर वार्ता कराई। एस डी एम ने कहा कि 8 तारीख दिन बुधवार को नगरपालिका तहसील और ग्रामवासियों की त्रिपक्षीय वार्ता होगी और उस वार्ता में माता रानी के मंदिर से जुड़े हुए सभी बिंदुओं पर चर्चा करके समाधान कराया जाएगा उसके बाद सर्व सम्मति से कार्मिक अनसन स्थगित कर दिया अनशन पर बैठे सभी लोगों को नायब तहसीलदार के द्वारा जूस पिलाकर उठाया गया राहुल प्रधान ने कहा कि एस डी एम साहब 8 तारीख में जो वार्ता रखी है हम अपने सभी बिंदुओं को मीटिंग में रखेंगे। अगर हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा जन आंदोलन शुरू किया जाएगा आज की अध्यक्षता बलबीर भड़ना ने की व संचालन राहुल प्रधान ने किया आज कार्मिक अनशन पर बैठने वालों में ।बीर सिंह महेंद्र सिंह राजकुमार चंदेला जगदीश व बलेश्वर रहे आज धरने पर मुख्य रूप से राहुल कलछिना राज वर्मा मोनू प्रधान गुड्डू चंदेला विकल प्रधान जी परशुराम पायल हरवीर सिंह जी सतपाल बैसला देव शर्मा नरेन्द्रा विपिन चंदेला वह गौरव गुजर रहे।




# वेवसिटी और क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने अब सिटी जोन में शामिल

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ ने जिले में पुलिस व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए बड़ा बदलाव किया है। देहात जोन के अंतर्गत आने वाले वेवसिटी और क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने अब सिटी जोन में शामिल कर दिए गए हैं। इस बदलाव के बाद इन थानों का पर्यवेक्षण डीसीपी सिटी जोन के अधीन होगा। अब सिटी जोन में कुल मिलाकर आठ थाने शामिल हो गए हैं। नंदग्राम सर्किल में सिहानीगेट और नंदग्राम, कविनगर सर्किल में मधुबन–बापूधाम और कविनगर, सर्किल कोतवाली में विजयनगर और नगर कोतवाली शामिल हैं। इसके अलावा एसीपी वेवसिटी सर्किल में अब वेवसिटी और क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने भी शामिल कर दिए गए हैं। इस फेरबदल से पुलिस की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्थाओं में मजबूती आने की उम्मीद है। अधिकारियों का कहना है कि नए समेकन से सिटी जोन के अधीन आने वाले क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई में तेजी आएगी। सिटी जोन में इन थानों के शामिल होने के बाद इलाके के नागरिकों को तेज और प्रभावी पुलिस सेवाओं का लाभ मिलेगा। वहीं पुलिस प्रशासन के लिए भी यह कदम अपराधों पर निगरानी, घटनाओं की त्वरित रिपोर्टिंग और बेहतर क्षेत्रीय समन्वय सुनिश्चित करेगा। पुलिस आयुक्त ने कहा कि यह कदम केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं बल्कि जनता की सुरक्षा और विश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नए प्रभार वाले क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण और नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तत्परता दिखाएँ।

# गोल पार्क राजेंद्र नगर साहिबाबाद में रामलीला का भव्य मंचन

**गाजियाबाद।** गोल पार्क रामलीला मैदान, राजेंद्र नगर साहिबाबाद में बुधवार को अंगद–रावण संवाद, लक्ष्मण की शक्ति और कुंभकरण वध की अद्भुत लीला का भव्य मंचन हुआ। यह आयोजन आदर्श बृजवासी विप्र रामलीला एवं कृष्ण लीला मंडल, मथुरा द्वारा प्रस्तुत किया गया। अभिषेक शर्मा ने श्रीरामजी, यश शर्मा ने लक्ष्मण जी, मनीषा ने श्री जानकी जी और नेहा ने मंदोदरी के स्वरूप में प्रस्तुति दी। हनुमान के रूप में मनोहारी भूमिका निभाई, जबकि भीम सिंह रावण, शिवचरण गौतम मेघनाथ और दीपक शर्मा अंगद के स्वरूप में दिखाई दिए। व्यास श्री महेश जी की मधुर चौपाइयों और मनोज पंडित के दिशा निर्देशन ने लीला को और भी प्रभावशाली बना दिया। कलाकारों की प्रस्तुति ने उपस्थित हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला का एक और आकर्षण लगभग 40–50 झूले और चटपटे स्टॉल थे, जिनका आनंद दर्शक बड़े उत्साह के साथ ले रहे थे। समिति ने इस वर्ष स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया है। पूरे मैदान में 10 डस्टबिन रखे गए हैं और रात में एक बार पूरा मैदान समिति द्वारा साफ किया जाता है। इस अवसर पर राजपूत सभा साहिबाबाद के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और उनकी कार्यकारिणी, गैलेक्सी मोबाइल एवं आशीर्वाद होम्स के मालिक अरुण त्यागी और उनकी धर्मपत्नी, महाराजा अग्रसेन सेवा ट्रस्ट के श्री विनोद कुमार गुप्ता, माया देवी और संपत कुमार किला सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रामलीला कमेटी के मुख्य संयोजक एसपी सिंह ने सभी का स्वागत किया और उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। रामलीला समिति के अध्यक्ष रमाकांत पांडे, महामंत्री राम जी झा, मुख्य संरक्षक सत्येंद्र सिंह परिहार, राकेश सूद, के के दुबे, धर्मेंद्र दुबे, राजेश शर्मा सहित सभी पदाधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में पूरे ग्राउंड में उपस्थित रहते हैं। पुलिस प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। रात तक पुलिस और महिला पुलिस ग्राउंड में भ्रमण करते रहते हैं और सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, जिससे दर्शकों में भय नहीं रहता। समिति ने मंच से स्वच्छ भारत अभियान और स्वदेशी अपनाओ जैसे संदेशों के माध्यम से भी दर्शकों को जागरूक किया। इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक उत्सव का आनंद प्रदान किया, बल्कि समाज में स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी पहुंचाया। रामलीला का यह भव्य आयोजन गोल पार्क में इस वर्ष भी दर्शकों के लिए यादगार बन गया, जिसमें न केवल धार्मिक आस्था, बल्कि मनोरंजन और सामाजिक चेतना का संगम देखने को मिला।

# क्षत्रिय समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी एवं शस्त्र पूजन समारोह

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** क्षत्रिय समाज मोदीनगर द्वारा विजयदशमी व शस्त्र पूजन समारोह आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धौलाना विधानसभा के विधायक विकास पुरुष धर्मेश तोमर एवं भारतीय किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह परमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर देवेंद्र चौहान ने की। धर्मेश तोमर ने मुख्य अतिथि धर्मेश तोमर ने समाज की एकता पर जोर दियाव वह कलम की ताकत को आज के समय की जरूरत बताई वह ठाकुर पूरन सिंह ने अपने वक्तव्य में समाज को नशे से दूर रहने वह बेटा वह बेटी को समान अधिकार शिक्षा की बात रखी। ठाकुर ऋषिपाल सिंह परमार ने युवाओं को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों क्षत्रियों ने भागीदारी दी। मंच संचालन अरुण तोमर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष सोनू ठाकुर, खुशाल नेगी.रविराघव. रवि सूर्यवंशी. अजय चौहान. वरुण तोमर जीवन सिंह पुंडीर . रविंद्र चौहान. कंवरपाल सिंह चौहान.भव्य सिसोदिया. मोनू सोम .आशीषराणा. प्रशांत सोलंकी. प्रताप ठाकुर.पवनचौहान. ओमेंद्र चौहान. आशीष पुंडीर. सूरज पुंडीर. दीपक चौहान. अमित कैथवाडी. बृजेश (डब्बू)आदि मौजूद रहे।



# आयुध निमार्णी मुरादनगर में वाई.आई.एल.स्थापना दिवस का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** आयुध निमार्णी मुरादनगर में वाई.आई.एल. स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में कार्यकारी निदेशक महोदय श्री कमलेश कुमार द्वारा प्रशासनिक भवन में ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरान्त स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में निमार्णी उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि श्रीमती हिना गुप्ता, अध्यक्षा यंत्र महिला कल्याण समिति, मुरादनगर शाखा एवं श्री कमलेश कुमार, कार्यकारी निदेशक महोदय के द्वारा किया गया। उत्पाद प्रदर्शनी में निमार्णी के प्रोडक्टस का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सीनियर क्लब में सांस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाई.आई.एल., मुख्यालय द्वारा निमार्णी के तीन अधिकारियों / कर्मचारियों को यंत्र चेलेंज अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर निमार्णी के कर्मचारी एवं परिवारजनों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दशहरा उत्सव

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में दशहरा उत्सव अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय, नैतिकता, सत्य और आदर्शों का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भगवान श्रीराम की आरती के साथ हुआ। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गाँधी उनकी माता जी श्रीमति आशा गाँधी, विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गाँधी एवं उनकी माता जी श्रीमति दीपा मलिक उपस्थित रहीं। दीप प्रज्वलन के पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने आदिशक्ति माँ दुर्गा के नौ रूपों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे परिधानों और भावपूर्ण नृत्य की इस प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से शक्ति और भक्ति की महत्ता का सुंदर संदेश दिया। विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने रामायण के प्रमुख प्रसंगों को अपने सजीव अभिनय से जीवंत कर दिया। विद्यालय के चेयरमैन, डॉ. विक्रम गांधी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, श्दशहरा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह हमें जीवन में सत्य, नैतिकता और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।श् वहीं, विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, श्यह आयोजन बच्चों में संस्कार, अनुशासन और सामाजिक एकता का भाव विकसित करता है। श्रीमति आशा गांधी ने कहा कि श्इस प्रकार के आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने का काम करते हैंश्कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रावण दहन और डांडिया नृत्य रहा। जैसे ही रावण का विशाल पुतला जलाया गया, पूरा विद्यालय ह्जय श्री रामह्व के नारों से गूंज उठा। यह दृश्य न केवल धार्मिक, बल्कि बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक था, जो सभी के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा के सामूहिक गान और विद्यालय के हेडमास्टर श्री अंकित गलियान के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



# राम नवमी पर भंडारों का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** राम नवमी के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया, जिनमें सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बस अड्डे के निकट भगवान गंज मंडी स्थित राधिका कलेक्शन के स्वामी मूल चंद गर्ग द्वारा श्री जगन्नाथ प्रसाद श्रीमती राम कटोरी देवी धर्मार्थ ट्रस्ट, भगवान गंज मंडी, मोदीनगर के तत्वावधान में आयोजित भंडारे का शुभारंभ अध्यक्ष मूल चंद गर्ग, उपाध्यक्ष सुधा गर्ग, सचिव योगेश गर्ग, कोषाध्यक्ष विशाल गर्ग, रुचि गर्ग, वैशाली गर्ग, द्वारा पूजा अर्चना के साथ किया गया। भंडारे में डॉ आशाराम गुप्ता, आकाश शर्मा, राम आसरे शर्मा, डॉ पवन सिंघल, स्वदेश जैन, डॉ पीएन तिवारी, संदीप सांगवान, नवीन गर्ग आदि शामिल हुए। इसके अलावाकपड़ामिल गेट के निकट हुकूमत राय मित्तल व उनके पुत्र अमित मित्तल द्वारा, सीकरी कलां स्थित किडजी मोदीनगर में अनिल बंसल, अनमोल बंसल व पप्पन शर्मा द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।



# सिक्ख मिशन प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री नरेंद्र कश्यप से की भेंट

## महान गुरमत समागम में शामिल होने का मिला न्यौता

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सिख मिशन हापुड़ के प्रभारी सरदार बृजपाल सिंह और गाजियाबाद सिख समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस. पी. सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण नरेंद्र कश्यप से उनके गाजियाबाद स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अनुरोध पत्र सौंपकर गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ और गाजियाबाद में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी शताब्दी वर्ष की स्मृति में उनकी निधि से स्मृति द्वार बनवाने का आग्रह किया। जिस पर मंत्री ने शीघ्र ही स्मृति द्वार निर्माण कराने का आश्वासन दिया। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि गुरु ते$ग बहादुर साहिब जी ने अपने बलिदान से भारत की सांस्कृतिक धरोहर और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा की। उनका जीवन मानवता, त्याग और सेवा का मार्गदर्शन करता है। सरदार बृजपाल सिंह ने मंत्री को 5 नवम्बर 2025 को हापुड़ स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार, तहसील चौपला में आयोजित महान गुरमत समागम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। यह समागम श्री गुरु नानक देव जी के गुरु पर्व तथा गुरु ते$ग बहादुर साहिब जी, भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दियाला जी के 350वें शहीदी शताब्दी वर्ष को समर्पित होगा। सरदार एस. पी. सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार दोनों ही गुरु ते$ग बहादुर साहिब जी के शहीदी दिवस को श्रद्धाभाव से मना रही हैं और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारतज् का संदेश समाज तक पहुँचा रही हैं। इस मौके पर गाजियाबाद के प्रमुख समाजसेवी सरदार रविंदर सिंह जोली, सरदार गगन सिंह अरोड़ा, सरदार धर्मेंद्र सिंह सोहल और जसविंदर सिंह अनिल सिंह भी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश सिख मिशन हापुड़ की ओर से मंत्री नरेंद्र कश्यप को सचखंड श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर), श्री दरबार साहिब, अमृतसर की एक तस्वीर, शाल और प्रसाद भेंट किया गया।

## अगस्त से अब तक 98 हजार कर्मचारियों का वेतन लंबित, आर्थिक तंगी से जूझ रहे स्वास्थ्यकर्मी

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कार्मिक गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। पूरे प्रदेश के लगभग 98,000 और गाजियाबाद जनपद के करीब 1200 कार्मिकों का वेतन अगस्त माह से अब तक नहीं मिला है। वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के घरों का बजट बिगड़ चुका है और स्वास्थ्य सेवाओं पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है। प्रदेश सरकार ने 17 सितम्बर 2025 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वास्थ्य नारी-सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत की थी, जो 2 अक्टूबर तक चल रहा है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। मगर विडंबना यह है कि इसी अभियान को चलाने वाली लगभग 3.5 लाख महिला कार्मिक और आशा बहनें खुद वेतन न मिलने की मार झेल रही हैं। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की जिला संयोजक श्रीमती सपना शर्मा ने बताया कि भारत सरकार की ओर से महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को लेकर कई दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, मगर प्रदेश स्तर पर अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी के कारण समय पर वेतन भुगतान नहीं हो सका।

# रक्तदान से सेवा का संकल्प लेकर आईएमए की नई टीम ने संभाला कार्यभार

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** हर वर्ष की भांति इस बार भी 1 अक्टूबर को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) गाजियाबाद की नई टीम ने जिम्मेदारी संभाल ली। कार्यभार ग्रहण का पहला दिन बुधवार पूरी तरह समाजसेवा को समर्पित रहा। सुबह आठ बजे लाइफ लाइन ब्लड बैंक से शुरू हुआ रक्तदान कार्यक्रम, नौ बजे संतोष मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक और दस बजे गाजियाबाद ब्लड बैंक तक चला। पूरे दिन हुए रक्तदान शिविर में कुल 100 यूनिट रक्तदान हुआ, जिसमें 50 डॉक्टर और 50 अन्य नागरिक शामिल रहे। इस अवसर पर उत्साह का आलम यह रहा कि वरिष्ठ चिकित्सकों ने रिकॉर्ड बार रक्तदान करके नई टीम को प्रेरणा दी। डॉ. सुभाष गोयल ने 99वीं बार, डॉ. पल्लव रस्तोगी ने 88वीं बार, डॉ. विनीत ने 66वीं बार और डॉ. आशीष अग्रवाल ने 11वीं बार रक्तदान किया। आईएमए यूपी स्टेट के प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. राजीव गोयल, सचिव डॉ. आशीष अग्रवाल और कोषाध्यक्ष डॉ. वाणी पूरी सहित कई पदाधिकारियों ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। अपराह्न में प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें आईएमए गाजियाबाद की नई कार्यकारिणी टीम का परिचय कराया गया। प्रेसिडेंट डॉ. अल्पना कंसल ने कहा कि टीम का पहला संकल्प समाज की सेवा है और रक्तदान जैसे महादान से बेहतर शुरूआत कोई नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में आईएमए गाजियाबाद स्वास्थ्य सेवाओं और जनजागरूकता अभियानों को नए मुकाम तक ले जाएगा। प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. प्रहलाद चावला ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र की चुनौतियों का सामना सामूहिकता और समर्पण की भावना से करना ही हमारा लक्ष्य होगा। सचिव डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि डॉक्टर सिर्फ अस्पतालों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के हर तबके तक स्वास्थ्य जागरूकता पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वाइस प्रेसिडेंट डॉ. अर्चना शर्मा ने कहा कि आईएमए गाजियाबाद महिला डॉक्टरों की भागीदारी को और सशक्त करेगा और जनहित के लिए हर कदम पर अग्रसर रहेगा। ट्रेजरर डॉ. सारिका जैन ने कहा कि संगठन की पारदर्शिता और मजबूती ही आगे की उपलब्धियों की नींव बनेगी। संयुक्त सचिव डॉ. अरुणा अग्रवाल और डॉ. दिव्यांश सिंह ने कहा कि टीम का हर सदस्य समाज की सेवा को प्राथमिकता देगा, वहीं संयुक्त ट्रेजरर डॉ. रिजवान खान ने कहा कि नई कार्यकारिणी युवा जोश और वरिष्ठों के अनुभव से आईएमए को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी।

# पुलिस महिला विंग ने एक और शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार, लूटा हुआ मोबाइल और तमंचा बरामद



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट पुलिस की महिला विंग ने बीती रात एक और बड़ी सफलता हासिल की। देर रात की जा रही चेकिंग के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने शातिर बदमाश राहुल उर्फ काला को उसके पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया। घायल अवस्था में पकड़े गए बदमाश के पास से लूटा हुआ मोबाइल, तमंचा और कारतूस बरामद हुए। ट्रोनिका सिटी थाने के एसओ श्रवण कुमार गौतम ने बताया कि महिला विंग ने मिशन शक्ति के तहत अपराधियों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से काम कर रही थी।

राहुल उर्फ काला निवासी बलरामनगर लोनी के ऊपर पहले से ही विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक संगीन वारदातों के अभियोग पंजीकृत हैं। बदमाश से पूछताछ में पता चला कि उसने अपने साथी के साथ 15 सितंबर को लूटा गया मोबाइल एक जगह छुपा दिया था। महिला पुलिसकर्मियों ने उसे उस स्थान पर लेकर जाने के दौरान, बदमाश ने छुपाए गए तमंचे से महिला उपनिरीक्षक पर फायर झोंक दिया। महिला विंग की प्रभारी उपनिरीक्षक ने तुरंत जवाबी फायरिंग करते हुए बदमाश के पैर में गोली मारकर उसे घायल कर दिया और दबोच लिया। इस कार्रवाई से न केवल एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया, बल्कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में भी महिला पुलिसकर्मियों की प्रभावशीलता दिखाई दी। एसओ श्रवण कुमार गौतम ने बताया कि महिला पुलिस विंग लगातार मिशन शक्ति के तहत सक्रिय है और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इस गिरफ्तारी से आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना और बढ़ी है। महिला पुलिस विंग की इस कार्रवाई को पुलिस विभाग ने एक प्रेरक सफलता माना है, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि महिलाएं भी अपराधियों के सामने साहस और सूझबूझ से कार्रवाई करने में सक्षम हैं।

> राहुल उर्फ काला निवासी बलरामनगर लोनी के ऊपर पहले से ही विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक संगीन वारदातों के अभियोग पंजीकृत हैं। बदमाश से पूछताछ में पता चला कि उसने अपने साथी के साथ 15 सितंबर को लूटा गया मोबाइल एक जगह छुपा दिया था।

# गगन एनक्लेव में भटकी मासूम सकुशल परिवार से मिली, कॉलोनी में दिखी खुशी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गगन एनक्लेव कॉलोनी में बुधवार को मानवीयता और सामूहिक सहयोग की एक मिसाल देखने को मिली। एक छोटी बच्ची रास्ता भटककर कॉलोनी में आ गई थी, जिसे देखकर सभी निवासियों ने संवेदनशीलता और सजगता का परिचय दिया। आरडब्ल्यूए की उपाध्यक्ष अलका मित्तल और कॉलोनी टीम के सक्रिय सदस्यों ने तुरंत स्थिति को संभाला। कॉलोनी के सीनियर सुपरवाइजर गार्ड धीरज ने सूझबूझ से बच्ची को सुरक्षित रखा और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सिविल लाइन चौकी इंचार्ज त्रिवेंद्र कुमार, बीट-73 से विजेंद्र और लोहा मंडी चौकी इंचार्ज विकास बालियान की त्वरित मदद से बच्ची को उसके परिवार से मिलाया गया। मासूम प्रियांशी जब अपने पिता की गोद में लौटी तो उसके चेहरे पर मुस्कान और पिता की आँखों में चमक देखकर कॉलोनी का हर निवासी भावुक हो उठा। आरडब्ल्यूए टीम और पुलिस प्रशासन के इस त्वरित सहयोग ने न केवल बच्ची को परिवार से मिलवाया बल्कि कॉलोनी में एक आत्मिक शांति और संतोष की लहर दौड़ा दी। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष रघुनंदन भारद्वाज ने कहा कि यह घटना साबित करती है कि जब समाज, सुरक्षा कर्मी और पुलिस मिलकर कार्य करते हैं तो किसी भी समस्या का हल तुरंत निकल सकता है। उन्होंने सभी निवासियों और सहयोगियों का हृदय से धन्यवाद किया और कहा कि गगन एनक्लेव की यह एकजुटता हमेशा समाज के लिए उदाहरण बनी रहेगी।

# श्री सुल्लामल रामलीला में उमड़ा जनसैलाब, मंत्री नरेंद्र कश्यप ने की आरती

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्री सुल्लामल रामलीला में बुधवार की रात्रि ऐतिहासिक प्रसंगों का भव्य मंचन हुआ, जिसने हजारों दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।

उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने भगवान श्रीराम की आरती कर रामलीला का शुभारंभ किया और जनता के साथ देर रात तक लीलाओं का आनंद लिया। लीला की शुरूआत तब हुई जब रावण को समाचार मिलता है कि लक्ष्मण की मूर्छा समाप्त हो चुकी है। व्याकुल रावण तत्काल कुंभकर्ण के महल पहुंचकर उसे छह माह की निद्रा से जगाता है और रणभूमि में भेजता है। रणक्षेत्र में कुंभकर्ण की गर्जना से वानर सेना सहम जाती है, किंतु अंगद, सुग्रीव और जामवंत वीरता से उसका सामना करते हैं। इसके बाद भगवान श्रीराम रणभूमि में आते हैं और कुंभकर्ण से संवाद कर युद्ध का आरंभ होता है। अंततः श्रीराम के बाणों से कुंभकर्ण का वध हो जाता है। भाई की मृत्यु से क्रोधित रावण मेघनाथ को रणभूमि में भेजता है। उधर लक्ष्मण प्रभु श्रीराम से अनुमति लेकर युद्ध के लिए तैयार होते हैं। मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच लंबा संवाद और घनघोर युद्ध होता है। इस अद्भुत युद्ध के बाद अंततः लक्ष्मण के बाणों से मेघनाथ का वध हो जाता है, जिससे पूरी अयोध्या सेना जयकारों से गूंज उठती है। कुंभकर्ण और मेघनाथ के मारे जाने के बाद व्याकुल रावण अपने मायावी सेनापति अहिरावण को युद्ध में भेजता है।

## सिर पर नुकीली वस्तु से वार कर उतारा मौत के घाट

**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद के लोनी इलाके में मंगलवार रात उस समय हड़कंप मच गया जब इलायचीपुर कॉलोनी में एक कबाड़ व्यापारी की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय अब्दुल रहमान के रूप में हुई है, जो कबाड़ का काम करता था। बुधवार सुबह घटना का खुलासा तब हुआ जब मृतक का बहनोई काम पर गोदाम पहुंचे। चारपाई पर पड़े खून से लथपथ शव को देखकर उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी के मुताबिक अब्दुल रहमान मूलरूप से ग्राम भोजपुर थाना बेहटा, जनपद बदायूं का रहने वाला था और वर्तमान में इलायचीपुर गांव में अपनी मां भूरी और बेटे मुस्तकीम के साथ रह रहा था। उसका गोदाम वाटिका मैरिज होम के सामने स्थित था। परिजनों ने बताया कि मंगलवार रात करीब आठ बजे वह घर पर खाना खाने के बाद गोदाम में सोने चला गया था। देर रात अज्ञात बदमाशों ने उसकी कनपटी पर नुकीली भारी वस्तु से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी। सुबह उसका शव गोदाम में चारपाई पर खून से सना मिला। हत्या की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है।

# नवरात्रि महोत्सव का भव्य समापन, प्राचीन सिद्ध पीठ देवी मंदिर में हवन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** प्राचीन सिद्ध पीठ देवी मंदिर और श्रीदुधेश्वरनाथ मंदिर में नवरात्रि महोत्सव का भव्य समापन बुधवार को हुआ। इस अवसर पर मंदिर में हवन, कन्या पूजन और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा में भाग लिया और महंत गिरीशानंद गिरि द्वारा पूजन-पाठ पूर्ण किया गया।

दोपहर 2 बजे भव्य पंखा शोभायात्रा निकाली गई, जो दिल्ली गेट, दासना गेट, गंज, राइट गंज, जीटी रोड, बजरिया और घंटाघर से नवयुग मार्केट तक गई। श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया और आरती पूजन में भाग लिया। घोड़े, रथ, बैंड-बाजे और ढोल-ताशे के साथ यह शोभायात्रा सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में धूमधाम से सम्पन्न हुई। रामनवमी के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना के लिए मंदिर में भक्तों की लंबी कतार लगी रही। मंदिर को फूलों से सजाया गया और देवी मां के भव्य चित्र के साथ श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्तों ने हलुआ-पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज के आशीर्वाद से नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल और गाजियाबाद शहर विधायक संजीव शर्मा ने मां का आशीर्वाद लिया। मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना करते रहे। मंदिर में प्रतिदिन सत चंडी यज्ञ एवं सत चंडी पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्त भाग लेते रहे। भक्तों ने मंत्रोच्चारण और हवन में भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया। मंदिर में सेवा में लगे सभी सेवादारों और मंदिर कमेटी ने व्यवस्था पूरी तरह से सुनिश्चित की, ताकि भक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर मां की सेवा में सत्यवीर चौधरी, सुनील नगर, विजय गुप्ता, योगेंद्र नगर, अजय भार्गव, दीपक शर्मा, आलोक, पंडित विनोद शुक्ला, पंडित महेंद्र शुक्ला, पंडित नरेंद्र तिवारी, कैलाश सिंह, श्रीमहंत डॉक्टर गिरीशानंद गिरी और बाबा सतीश जी सहित अनेक लोग जुटे रहे। मीडिया प्रभारी एस. आर. सुथार ने बताया कि पिछले कई वर्षों से रामनवमी के दिन कन्या पूजन का आयोजन किया जाता रहा है। इस बार भी पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल और शहर विधायक संजीव शर्मा ने पूजा-अर्चना में भाग लिया और कन्या पूजन किया।

## विवाहिता पर तेजाब हमला, ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताडा और जानलेवा हमला का आरोप

**गाजियाबाद।** बागू निवासी गजराज सिंह ने अपनी बेटी ज्योति के खिलाफ ससुराल में दहेज प्रताडा और जानलेवा हमले की शिकायत की है। फरवरी 2025 में हुई शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष ने दहेज के लिए लगातार मानसिक और शारीरिक उत्पीड ? शुरू कर दिया। 15 सितंबर को दामाद ने तेजाब पिलाने की घिनौनी घटना को अंजाम दिया, जिससे पीड़िता के गले की नली को गंभीर चोट लगी। तत्काल मेडिकल सहायता के लिए पिता गुरु तेग बहादुर अस्पताल पहुंचे, जहां ज्योति को आपात स्थिति में भर्ती कराया गया। कुछ दिन उपचार के बाद ससुराल पक्ष ने पीड़िता को डिस्चार्ज कर अकेला छोड़ दिया, जिससे परिवार को मजबूरी में उसे मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। पीड़िता वर्तमान में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है। पिता ने बताया कि बेटी बोलने और सामान्य क्रियाकलाप करने में असमर्थ है। इसके साथ ही परिवार ने ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग और मानसिक उत्पीड ? के गंभीर आरोप भी लगाए हैं।

# रावण दहन की धूम, पर प्रदूषण का खतरा बरकरार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीमें रहेंगी अलर्ट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विजयादशमी का पर्व आते ही गाजियाबाद में चारों ओर उल्लास का माहौल है। जगह-जगह पर रावण, कुंभकरण और मेघनाद के विशालकाय पुतलों के दहन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जिले में गुरुवार को कुल 57 स्थानों पर असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक रावण दहन होगा। इनमें शहर में 21, ट्रांस-हिंडन में 11 और ग्रामीण क्षेत्रों में 25 स्थान शामिल हैं। सबसे बड़ा रावण का 80 फीट ऊंचा पुतला कविनगर रामलीला मैदान में फूंका जाएगा, जबकि अन्य स्थलों पर भी विशाल पुतले जलाकर दशहरे का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। हालांकि, हर साल की तरह इस बार भी प्रदूषण को लेकर चिंता गहराने लगी है। बीते वर्ष दशहरे के अगले ही दिन गाजियाबाद देश के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, उस समय शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 265 तक पहुंच गया था, जबकि दशहरे के दिन यह महज 177 था। पहले नंबर पर 267 एक्यूआई के साथ मुजफ्फरनगर दर्ज हुआ था। अधिकारियों का कहना है कि रावण दहन के बाद शहर की हवा की गुणवत्ता अचानक बिगड़ गई थी, जिसने लोगों के फेफड़ों पर सीधा असर डाला। इस बार हालात न बिगड़ें, इसके लिए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने विशेष निगरानी की तैयारी की है। बोर्ड की चार टीमें जिले के अलग-अलग इलाकों में तैनात रहेंगी। क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह ने स्पष्ट किया है कि पुतलों में केवल ग्रीन पटाखों का ही प्रयोग किया जा सकता है। प्रतिबंधित पटाखों का उपयोग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी और जुमार्ना लगाया जाएगा।



# स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2025 के तहत इंटरनल हैकाथॉन का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सुन्दरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2025 के अंतर्गत इंटरनल हैकाथॉन का आयोजन उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया और बी.टेक व बीसीए के छात्रों ने अपनी तकनीकी क्षमता, नवाचार की सोच और टीमवर्क का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस हैकाथॉन में विद्यार्थियों ने वास्तविक जीवन की समस्याओं को आधार बनाकर तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए। कई टीमों ने ऐसे इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स पेश किए जो न केवल समाज की समस्याओं को हल कर सकते हैं बल्कि भविष्य की उद्यमिता के नए आयाम भी खोलते हैं। छात्रों के प्रस्तुतिकरण में उनकी रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता के साथ-साथ स्टार्टअप और एंटरप्रेन्योरशिप की स्पष्ट झलक दिखाई दी। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की निदेशक डॉ. मोनिका सेंगर के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने कहा कि हैकाथॉन जैसे आयोजन विद्यार्थियों की तकनीकी क्षमता को निखारने के साथ-साथ उन्हें भारत सरकार की उस सोच से भी जोड़ते हैं, जिसका उद्देश्य युवाओं में डिजिटल परिवर्तन, नवाचार और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देना है।